कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 353, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 19 जनवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# खेलों के लिए अनुकूल माहौल बनाया : मोदी

**बस्ती/नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलों के प्रति दोयम दर्जे की सोच को देश के लिए हानिकारक बताते हुए कहा कि इसके कारण असंख्य युवा और बेहिसाब प्रतिभाएं मैदान से दूर रहीं। पिछले 8-9 सालों में देश ने पुरानी मानसिकता को पीछे छोड़ कर खेलों के लिए बेहतर वातावरण बनाने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बस्ती जिले में आयोजित किए जा रहे सांसद खेल महाकुंभ 2022-23 के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में बस्ती से लोकसभा सांसद हरीश द्विवेदी की पहल पर 2021 से किया जा रहा है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय था जब खेलों को पाठ्येतर गतिविधि (एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटीज) माना जाता था। यानी इसे पढ़ाई से अलग केवल समय व्यतीत करने का जरिया समझा जाता था। इसलिए, पीढ़ी दर पीढ़ी समाज में एक मानसिकता विकसित हुई कि खेल इतना महत्वपूर्ण नहीं है। इस मानसिकता से देश को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि इस सोच की वजह से असंख्य युवा और बेहिसाब प्रतिभाएं मैदान से दूर रहीं। पिछले 8-9 सालों में देश ने इस पुरानी मानसिकता को पीछे छोड़कर खेलों के लिए बेहतर वातावरण बनाने का काम किया है। यही कारण है कि युवा अब खेल को करियर के रूप में चुनने लगे हैं। हमारे खिलाड़ियों के पास पर्याप्त संसाधन हों, ट्रेनिंग हों,









टेक्निकल नॉलेज हों, इंटरनेशनल एक्सपोजर हो और उनके चयन में पारदर्शिता हो। इन सभी बातों की तरफ जोर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बस्ती महर्षि वशिष्ठ की पावन भूमि है। यह श्रम, साधना, तप और त्याग की भूमि है। एक खिलाड़ी के लिए उसका खेल भी साधना और तपस्या है, जिसमें वह खुद को तपाता रहता है। यह खेल महाकुंभ सभी प्रतिबद्ध खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधित्व करने का शानदार अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने खेलों के महाकुंभ के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे स्थानीय खिलाड़ियों को उड़ान भरने का मौका मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के लगभग 200 सांसदों ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन किए। उन्होंने कहा, ह्लमैं काशी से सांसद हूं। वहां भी इस तरह के खेल आयोजनों का सिलसिला शुरू हो गया है। कई जगहों पर इस तरह के खेल महाकुंभ का आयोजन कर सांसद खेल आयोजन कर नई पीढ़ी के भविष्य निर्माण का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को ह्यभारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षण केंद्रों में आगे के प्रशिक्षण के लिए चुना जा रहा है। इसका लाभ देश की युवा शक्ति को मिलेगा।

इस महाकुंभ में 40 हजार से ज्यादा युवा हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ की एक और विशेष बात है। इसमें बड़ी संख्या में हमारी बेटियां हिस्सा ले रही हैं। मुझे विश्वास है कि बस्ती, पूर्वांचल, उत्तर प्रदेश और देश की बेटियां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगितायों में अपना दम-खम दिखाती रहेंगी। कुछ दिन पहले ही हमने देखा कि कैसे भारत की कप्तान शैफाली वर्मा ने महिला अंडर-19 टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया। शेफाली ने ओवर की आखिरी गेंद पर लगातार 5 चौके और एक छक्का लगाकर एक ओवर में 26 रन बटोरे। ऐसी प्रतिभा भारत के कोने-कोने में बसती है। उन्होंने कहा कि हमने ओलंपिक और पैरालंपिक में अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अलग अलग खेलों के टूनार्मेंट में भारत का प्रदर्शन चर्चा का विषय रहा है। लेकिन यह तो अभी शुरूआत है हमें और लंबी यात्रा करनी है और रिकॉर्ड बनाना है।

## युवाओं को मिलेगा यूपी जीआईएस का लाभ

**आगामी फरवरी** में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने स्वयं के लिए $1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है। इस संकल्प की पूर्ति के लिए पूरा उत्तर प्रदेश एकजुट होकर प्रयास कर रहा है। आगामी 10-12 फरवरी को आयोजित उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समिट से पहले दुनिया भर के निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश का आमंत्रण देने की हमारी कार्ययोजना को आशातीत सफलता मिली है। जीआईएस-2023 ऐतिहासिक होने जा रहा है। व्यापक निवेश से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे, जिसका सीधा लाभ हमारे युवाओं को मिलेगा। विदेशी और घरेलू निवेशक रोड शो से प्रेरणा लेते हुए अनेक जनपदों ने जिला स्तर पर निवेशक सम्मेलन आयोजित किए और हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए। ऐसे ही प्रयास बस्ती मंडल में भी किये जाने चाहिए।

**ईज ऑफ लिविंग के सभी मानकों पर बस्ती मण्डल में हो रहा कार्य:** आम जन की सुविधा के दृष्टिगत ईज ऑफ लिविंग के सभी मानकों पर बस्ती मण्डल में कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनभावना के अनुरूप नई योजनाओं के लिए प्रस्ताव दें। यहां के विकास के लिए शासन स्तर से हर संभव सहायता मिलेगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने बस्ती मंडल पर 2017 के पहले पिछड़ेपन का दाग था। यहां के मासूम बच्चे इंसेफेलाइटिस का दंश झेलने को विवश थे। 2017 में सरकार बनने के बाद इसे शीर्ष प्राथमिकता दी गई और नियोजित प्रयासों से आज इंसेफेलाइटिस उन्मूलन का प्रयास सफल हो रहा है।

प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने की योजनाओं पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्ती, सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर जनपद, भगवान राम, महात्मा बुद्ध और संत कबीर की पावन भूमि है।

कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा संचालित है। पर्यटन की दृष्टि से इसका लाभ इन तीनों जिलों को मिलेगा। राज्य सरकार रामायण सर्किट और बुद्ध सर्किट का विकास करा रही है। इससे यह पूरा क्षेत्र पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर प्रमुखता से अंकित होगा।



## आत्मनिर्भर यूपी के संकल्प को पूरा करने में पूर्वांचल की बड़ी भूमिका : योगी

**बस्ती। मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने "आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश" के संकल्प को पूरा करने में पूर्वांचल से बड़ी भूमिका निभाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि बीते साढ़े पांच-छह वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करके यहां के औद्योगिक विकास के लिए बेहतर माहौल तैयार किया गया है। योगी ने कहा कि आज इस पूरे क्षेत्र में औद्योगिक विकास के लिए सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध हैं। विशाल लैंडबैंक है, बेहतर कनेक्टिविटी है, कुशल मानव संसाधन है। यहां के युवा नवाचारों को अपनाने वाले हैं। इस पूरे क्षेत्र में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, टेक्सटाइल, जैव ईंधन और सौर ऊर्जा सहित हर सेक्टर के लिए अपार अवसर हैं। राज्य सरकार यहां के विकास के लिए हर संभव सहयोग कर रही है। जनप्रतिनिधियों को भी अपने क्षेत्र के इस पोटेंशियल से देश-दुनिया को परिचित कराना चाहिए। इससे यहां निवेश आयेगा, औद्योगिक इकाइयां लगेंगी और रोजगार के मौके सृजित होंगे। सांसद और विधायक गणों के साथ प्रदेश हित में संचालित विकास परियोजनाओं की पड़ताल की जारी शृंखला में मुख्यमंत्री योगी बुधवार को बस्ती मंडल की समीक्षा कर रहे थे। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने एक-एक कर जनपद सिद्धार्थनगर, बस्ती और संतकबीरनगर के सांसद व विधायक गण से उनके क्षेत्र की विकास योजनाओं की जानकारी ली ।

# मोदी को घेरने की विपक्ष एकजुट

**हैदराबाद:** तेलंगाना के सीएम और भारत राष्ट्र समिति के सुप्रीमो के चंद्रशेखर राव (केसीआर) की खम्मम जिले में आयोजित रैली में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने राष्ट्रभाषा का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि हमारी सभी देसी भाषाओं को दरकिनार करते हुए हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में चित्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। अपनी मातृभाषाओं को खत्म कर हिंदी थोपने से देश की अखंडता प्रभावित होगी।

**न्यायिक स्वायत्तता नष्ट करने की कोशिश:** न्यायाधीशों की नियुक्ति में केंद्र सरकार की निर्णायक भूमिका पर पिनाराई विजयन ने कहा कि कानून मंत्री का यह बयान साबित करता है कि भाजपा सरकार न्यायिक स्वायत्तता को नष्ट करने पर तुली हुई है। सीजेआई ने खुद इस कदम का विरोध किया है।



**देश को गुमराह कर रही भाजपा- भगवंत मान:** जब (डोनाल्ड) ट्रंप की पत्नी (मेलानिया ट्रंप) ने सरकारी स्कूल देखना चाहा तो उन्हें (भाजपा) 'केजरीवाल वाला' स्कूल दिखा दिया। भारतीय जुमला पार्टी देश को गुमराह कर रही है। जहां वे जीत नहीं पाते हैं, उपचुनाव कराते हैं या विधायक खरीदते हैं।

**दिन गिनने वाले सत्ता में नहीं रहते:** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि कल बीजेपी ने मान लिया था कि अब उनके सत्ता में 400 दिन ही बचे हैं, जो अपने दिन गिनने लगते हैं, वे सत्ता में नहीं रह सकते।

अब, केवल 399 दिन शेष हैं। तेलंगाना में विपक्ष की एकजुटता दिखाने के लिए बुलाई गई रैली में सपा प्रमुख अखिलेश यादव, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शामिल हुए। साथ में, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव भी मंच पर मौजूद रहे।

**रैली में विपक्षी दल नेता भी होंगे शामिल:** भारत राष्ट्र समिति की रैली में दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल, केरल सीएम पिनाराई विजयन, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत अन्य विपक्षी नेताओं ने हिस्सा लिया।




**भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में ही शुभमन गिल ने इतिहास रच दिया। उन्होंने 149 गेंदों में 208 रन की पारी खेली। उनकी पारी में 19 चौके और नौ छक्के शामिल थे।**

## गंगा-यमुना में उद्योगों से गिरने वाले गंदे पानी की जांच करेगा एकेटीयू

**लखनऊ। केंद्रीय** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) को दोनों नदियों के किनारे यूपी और हरियाणा के 196 उद्योगों के गंदा पानी के जांच की जिम्मेदारी दी है। कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जीवनदायिनी गंगा और यमुना के जल को स्वच्छ बनाने की मुहिम में जुटी सरकार ने डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय को बड़ी जिम्मेदारी दी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने विश्वविद्यालय को गंगा और यमुना नदी के किनारे यूपी और हरियाणा के 196 उद्योगों के गंदे पानी की जांच का जिम्मा दिया है। इस कार्य के लिए कुलपति प्रो0 प्रदीप कुमार मिश्र को नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रो0 मिश्र की अगुवाई में विशेषज्ञ जांच कर अपनी रिपोर्ट एजेंसी को सौंपेंगे। विश्वविद्यालय को स्थापना से पहली बार यह कार्य दिया गया है। इसके लिए बजट भी आवंटित हो गया है। उद्योगों से निकलने वाला गंदा पानी सीधे नदियों में गिरता है, जिससे नदियां दूषित हो रही हैं। ऐसे में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने उद्योगों से निकलने वाले गंदा पानी की जांच कराने का निर्णय लिया है।

**त्रिपुरा में 16 फरवरी, मेघालय-नगालैंड में 27 फरवरी को वोटिंग, सभी के नतीजे 2 मार्च को**

## 3 राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान

**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग ने बुधवार को त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड के विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। त्रिपुरा में 16 फरवरी को मतदान होगा। मेघालय और नगालैंड में 27 फरवरी को वोटिंग होगी। सभी राज्यों के नतीजों का ऐलान 2 मार्च को होगा। इन चुनावों की एक दिलचस्प बात यह है कि तीनों राज्यों में बहुमत का आंकड़ा 31 है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि तीनों राज्यों में महिला वोटरों की भागीदारी ज्यादा है और यहां चुनावी हिंसा भी ज्यादा




नहीं होती। हम यहां पर निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**नॉमिनेशन:** त्रिपुरा- 21 जनवरी से 30 जनवरी तक, मेघालय-नगालैंड- 31 जनवरी से 7 फरवरी

**नाम वापसी की आखिरी तारीख:** त्रिपुरा- 2 फरवरी, मेघालय-नगालैंड-10 फरवरी

तीनों राज्यों में 9 हजार 125 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। ग्रामीण इलाकों की बात करें तो 2018 के मुकाबले 82% ज्यादा पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। तीनों राज्यों में 376 पोलिंग स्टेशन महिला स्टाफ संभालेंगे। तीनों राज्यों में 62.8 लाख वोटर्स हैं। इनमें 31.47 लाख महिला वोटर्स और 80 साल से ज्यादा की उम्र वाले 97 हजार वोटर्स हैं। 1.76 लाख फर्स्ट टाइम वोटर्स हैं।

**सीमा के अंतिम गांव लोंगवा में भी मतदान केंद्र:** नगालैंड के मोन जिले का लोंगवा गांव भारत-म्यांमार की सीमा रेखा पर बसा अंतिम गांव है। गांव का एक हिस्सा भारत में है और दूसरा म्यांमार में है।

## कांग्रेस छोड़ मनप्रीत बादल बीजेपी में शामिल

**चंडीगढ़:** पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री एवं सीनियर नेता मनप्रीत सिंह बादल ने कांग्रेस छोड़ दी है। उन्होंने अपना इस्तीफा राहुल गांधी को भेजा। मनप्रीत बादल पिछली कांग्रेस सरकार में वित्तमंत्री थे। हालांकि इस बार वह बठिंडा से चुनाव हार गए। इसके बाद उन्होंने भाजपा जॉइन कर ली। उन्हें केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भाजपा जॉइन करवाई। चुनावी हार के बाद वह विदेश चले गए। अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को प्रधान बनाने के बाद से वह कांग्रेस से नाराज चल रहे थे। उधर मनप्रीत बादल के कांग्रेस छोड़कर बीजेपी जॉइन करने का कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने तंज भरे अंदाज में 'स्वागत' किया है।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के इंचार्ज जयराम रमेश ने अपने ट्वीट में लिखा, 'पंजाब कांग्रेस पर से बादल छंट गए हैं।' जयराम रमेश ने अपने ट्वीट में लिखा, 'एक शख्स जिसने पहले अकाली दल छोड़कर अपनी पार्टी बनाई और उसके बाद कांग्रेस जॉइन की। कांग्रेस ने उसे 5 साल तक पंजाब के वित्तमंत्री की जिम्मेदारी दी।

**कॉरिडोर से किसी को तकलीफ नहीं होगी; रउ तक पहुंचा मामला: हेमा मालिनी**

# मथुरा में 300 मंदिर-घर टूटने का विरोध

**मथुरा:** मथुरा के वृंदावन में स्थित बांके बिहारी मंदिर के प्रस्तावित कॉरिडोर को लेकर हंगामा चल रहा है। कहा जा रहा है कि ये कॉरिडोर काशी विश्वनाथ धाम की तर्ज पर होगा। मंदिर के आस-पास 5 एकड़ भूमि का अधिग्रहण होना है। इसमें करीब 300 मंदिर और आवासीय भवन आ रहे हैं। 200 से ज्यादा इमारतों की सर्वे रिपोर्ट बनाकर मार्किंग हो चुकी है। अब जिनकी इमारतों पर मार्किंग हुई है, वही लोग सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक कॉरिडोर का विरोध कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि वृंदावन के मूल स्वरूप से खिलवाड़ किया जा रहा है। विरोध में यहां 36 घंटे बाजार बंद रखा। लोगों ने सीएम



योगी को खून से चिट्ठियां लिखी हैं। सांसद हेमा मालिनी कहती हैं कि इस कॉरिडोर से किसी मथुरा या वृंदावन में रहने वाले को तकलीफ नहीं होगी। सीएम योगी के डायरेक्शन पर बांके बिहारी कॉरिडोर के डिजाइन में मंदिर के मूल स्वरूप को यथावत रखा गया है। बाहरी परिसर को विस्तारित किया जाना है। नए डिजाइन में बांके बिहारी मंदिर के बाहर दो लेयर होगा, जो खुला भी होगा और कवर्ड भी। मंदिर के बाहर इस खुले परिसर के बीच में बड़ा फव्वारा होगा, जिसके चारों ओर चार बगीचे होंगे। साथ ही कवर्ड क्षेत्र भी उसी शैली के लाल पत्थरों से बनेंगे, जिस पत्थर से वृंदावन के अधिकांश मंदिर बने हैं। उसी तरह की दीवारें और उसी तरह के गुंबद, फिर पता ही नहीं चलेगा कि नया विकसित क्षेत्र बांके बिहारी मंदिर से अलग है।

## भारतीय कुश्ती संघ अध्यक्ष पर यौन उत्पीड़न का आरोप

**बोलीं- मारने की धमकी दी: फोगाट, आरोप सही हों तो फांसी को तैयार: बृजभूषण**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के जंतर-मंतर पर भारतीय पहलवान भारतीय कुश्ती संघ के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। इस प्रदर्शन में कुल 30 पहलवान शामिल हैं। ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाले पहलवान भी इस प्रदर्शन का हिस्सा हैं। पहलवानों ने कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रदर्शन में शामिल पहलवान विनेश फोगाट ने कुश्ती संघ के अध्यक्ष और कोच के ऊपर पर महिलाओं को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। वहीं, अपने ऊपर लगे आरोपों को बृजभूषण शरण सिंह



ने निराधार बताया है। विनेश ने अपने बयान में कहा, "कोच महिला खिलाड़ियों को प्रताड़ित कर रहे हैं और फेडरेशन के चहेते कुछ कोच महिला कोचों के साथ भी बदसलूकी करते हैं। वे लड़कियों का यौन उत्पीड़न करते हैं। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने कई लड़कियों का यौन उत्पीड़न किया है।" विनेश फोगाट ने कहा है कि कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण ने कई लड़कियों का यौन शोषण किया है।

## खबर संक्षेप

### करछना ब्लाक के क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक 27 जनवरी को

**करछना।** विकास विकास खंड के क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक 27 जनवरी को ब्लाक परिसर में मीटिंग हाल में आहूत की गई है, उक्त आशय की जानकारी खंड विकास अधिकारी करछना देव कुमार ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि वित्तीय वर्ष 2022/23 की कार्य योजना पर चर्चा होगी,15 वां वित्त आयोग पर मार्ग दर्शी सिद्धांतों पर चर्चा होगी और पेयजल, स्वच्छ भारत मिशन, पेंशन योजना राष्ट्रीय आजिविका मिशन, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि 18 बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया जायेगा, तथा आगामी विकास योजना को अमलीजामा पहनाने हेतु बिंदुओं पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से चर्चा होगी, बैठक ब्लाक सभागार में 27 जनवरी दिन शुक्रवार को 11 बजे होंगी जिसमें करछना विकास खंड के सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं जिला पंचायत सदस्य गण के साथ सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे बैठक में उपस्थित होकर विकास योजनाओं पर चर्चा में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# संपत्ति के लिए सौतेले भाई ने किराए के बदमाशों से चलवाई थी भाई पर गोली

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** संपत्ति एक ऐसी चीज होती है, जो अपनों को दुश्मन बना देती है। साथ ही रिश्तो की मयार्दा को भी तार-तार कर देती है। बीते दिनों औद्योगिक क्षेत्र के मुंगारी चौराहे के समीप सुबह के दिन के उजाले में फिल्मी स्टाइल में चलती बाइक से जा रहे बाइक सवार युवक को दो किराए के बदमाशों ने पीछे से फायर झोंक दिए थे। जिससे वह घायल हो गया था। शातिरों की करतूत वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई थी। पूरे मामले का पदार्फाश औद्योगिक क्षेत्र पुलिस करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिए। गौरतलब हो कि बीते शनिवार को औद्योगिक क्षेत्र में लैब टेक्नीशियन संदीप चौधरी पर उसके बड़े भाई ने ही गोली चलवाई थी। करछना तहसील में वकालत करने वाले बड़े भाई ने इसके लिए 50 हजार में दो शूटरों को हायर किया था। अधिवक्ता भाई का कहना है कि उसके पिता उसके सौतेले भाई संदीप चौधरी को सारी संपत्ति दे रहे थे और उसका हिस्सा मार रहे थे। जिससे परेशान होकर उसने सौतेले भाई के मर्डर की सुपारी दी थी। औद्योगिक पुलिस ने अधिवक्ता भाई और दोनों शूटरों को तमंचा, बाइक और मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी संजीव कुमार चौबे अपनी टीम के वरिष्ठ उप निरीक्षक कौशलेंद्र धर दुबे, एसआई राहुल कुमार सिंह, अतुल कुमार मिश्रा, कांस्टेबल नंदकिशोर और आशीष कुमार पटेल के साथ बुधवार को इस प्रकरण में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में संदीप चौधरी का बड़ा भाई भास्कर प्रसाद चौधरी निवासी मुंगारी, औद्योगिक क्षेत्र और उसके द्वारा हायर किए गए दोनों शूटर लवकुश पुत्र फूलचंद निवासी पट्टी नरवल, कोखराज, कौशांबी और रंजीत कुमार पुत्र मैकूलाल निवासी नौवापुर, कोखराज, कौशांबी शामिल है।

**बड़े भाई के रहते छोटे भाई की शादी कर दी थी पिता ने, था नाराज, गिरफ्तार किए गए आरोपियों को पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे**



## बड़े बेटे के रहते पिता ने कर दी थी छोटे बेटे की शादी, था नाराज

पूछताछ में भास्कर चौधरी ने बताया कि उसके पिता ने दो शादियां की है। भास्कर पहली पत्नी की संतान है। वह करछना तहसील में वकालत करता है। उसने बताया कि उसकी उम्र 36 वर्ष की हो गई, लेकिन घरवालों ने उसकी शादी नहीं की। जबकि 25 साल के संदीप की शादी कर दी गई। उसने पिता और सौतेली मां ( मौसी) कलावती पर भी सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। उसने अपने बयान में बताया कि उसके माता-पिता उसके हिस्से की संपत्ति भी संदीप को दे रहे थे। वह पाई - पाई के लिए मोहताज हो रहा था। उसने कई बार अपना हिस्सा मांगा, लेकिन पिता ने हर बार उसे इग्नोर कर दिया। जिससे तंग आकर उसने संदीप की हत्या की योजना बना डाली। उसने संदीप को रास्ते से हटाने के लिए वह पिछले चार-पांच महीने से कोशिश में लगा था, लेकिन कोई शूटर नहीं मिल पा रहा था। सितंबर महीने में वह संडवा अपने एक क्लाइंट से मिलने गया था। वहीं पर उसकी मुलाकात अपनी चाची के मायके आए लवकुश पुत्र फूलचंद से हुई। लवकुश अपराधी प्रवृत्ति का था और भास्कर अधिवक्ता था। इसलिए दोनों ने एक दूसरे को कांटेक्ट नंबर लिया। कुछ दिन बीत जाने के बाद भास्कर ने लवकुश से अपनी पीड़ा बताई और अपने सौतेले भाई संदीप चौधरी को ठिकाने लगाने को कहा। लवकुश ने कहा कि संदीप के मरने के बाद भास्कर को तो संपत्ति मिलेगी, लेकिन उसे क्या मिलेगा। तब भास्कर ने उसे 50 हजार रुपए देने का वायदा किया। 10 हजार रुपए पेशगी के तौर पर भी दिया। 14 जनवरी को इन लोगों ने संदीप को मारने की योजना बनाई। रंजीत अपनी अपाचे मोटरसाइकिल लेकर लवकुश को पीछे बैठाया और मुंगारी गांव स्थित राम लखन पब्लिक स्कूल के सामने पहुंच गया। संदीप कुमार जैसे ही स्कूल के सामने से गुजरता हुआ दिखा बाइक पर पीछे बैठे लव कुश ने संदीप पर फायर कर दिया निशाना चूक गया और गोली उसके पीठ पर दाहिने तरफ लगी। जिससे वह वहीं गिर गया। थाना प्रभारी संजीव चौबे ने बताया कि तीनों के पास से 315 बोर का एक तमंचा, एक खोखा और एक जिंदा कारतूस, अपाचे नीले रंग की मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल बरामद किए गए है।

## जालसाजों ने विधवा की जमीन को दूसरी महिला खडी कर फर्जी ढंग से करा लिया बैनामा

### दस बीघा की कीमत दस लाख रजिस्टार की भूमिका संदिग्ध, आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा में जालसाजों एंव भू माफियाओं का हौसला घटने के बजाय बढता ही जा रहा है। एक विधवा वृद्धा की 21 बीघा जमीन को फ्राडियों ने दूसरी महिला खडी करा कर आधा दर्जन जालसाजों ने अपने नाम बैनामा करा लिया। आश्चर्य की बात यह है कि दस बीघा जमीन को दस लाख में दशार्या गया है। रजिस्टर की चुप्पी संदेह के घेरे में है। वृध्दा के रिश्तेदारों को पता चला तो वह नकल निकाल लिए। जिसपर जालस-ाजों ने चौदह लाख विधवा वृद्धा के खाते में भेज दिया। विधवा ने आधा दर्जन के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा सोरांव थाने में दर्ज कराया है। बावजूद इसके आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महरौंडा निवासनीय मुकुरमुन निशां उर्फ मुकीमुन निशां पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद अय्यूब एक 74 वर्षीय वृध्द महिला है। वह निःसंतान है। मुकीमुन निशां का कहना है कि उसके नाम ग्राम महरौंडा ,सुलेमपुर ,जोगीपुर में 21 बीघा जमीन है। आरोप है कि जालसाजों ने उसकी फोटो कहीं से हासिल कर रजिस्टार से मिल कर आधा दर्जन फ्राडियों ने अपने नाम दूसरी महिला खडा करा कर बैनामा करा लिए। रिश्तेदारों को पता चलने पर वह नकल निकाल लिए तो दो जालसाजों ने अलग अलग विधवा के खाते में 22 अगस्त 2022 को एक ने छह लाख दूसरे ने आठ लाख रुपए खाते में डाल दिए। आश्चर्य का विषय है कि दस बीघा जमीन को महज दस लाख में दशार्या गया है। यही नहीं विशेषज्ञों की टीम ने अंगूठा का निशान मिलान कराया तो कहीं से भी मेल नहीं खाया । विधवा मुकुरमुन निशां उर्फ मुकीममुन निशां ने सोरांव थाने में मऊआइमा के ग्राम विशम्भरपुर निवासी मोहम्मद मकबूल पुत्र हामिद अली ,गुड्डू कुमार यादव पुत्र राम मूर्ति यादव और आशीष कुमार पुत्र राजकुमार निवासी गण राजापुर चौबारा होलागढ ,शिवम धूलिया पुत्र दयाशंकर एल 192 हिंडाल्को कालोनी सोनभद्र, शिवकुमार पुत्र रामनरेश शुकुलाना चमरौटी फूलपुर ,एंव अजय कुमार पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात के खिलाफ मुकदमा 22 दिसम्बर को दर्ज करा दी है।

# भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी के लिए सांसद ने मांगा सहयोग

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** इलाहाबाद- झांसी शिक्षक एमएलसी पद के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर बाबूलाल तिवारी के समर्थन में बुधवार को प्रयागराज की सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने एक सभा को संबोधित किया। शंकरगढ़ में आयोजित उक्त कार्यक्रम में सांसद ने विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों के साथ बैठककर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की अपील की। सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने कहा, भाजपा द्वारा बहुत सोच समझकर डॉ बाबूलाल तिवारी को प्रत्याशी बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह से देश के उत्थान में विकास का कार्य किया है, उसी तरह शिक्षकों की समस्याओं को दूर करने के लिए इन्हे प्रत्याशी बनाया गया है। सांसद ने सभी शिक्षकों से कहा कि वह डा. बाबूलाल तिवारी को जिताएं, निश्चित रूप से उनकी समस्याओं का समाधान होगा। प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी ने कहा, अभी तक शिक्षकों, विद्यालयों की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं देता था। आगे से शिक्षकों को इस तरह की शिकायत नहीं होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने भी डॉक्टर बाबूलाल तिवारी को भारी मतों से विजई बनाने की अपील की। इस मौके पर शिवराम सिंह परिहार,विजय शंकर शुक्ल,प्रबंधक संतोष त्रिपाठी, कुलदीप सिंह,अंजनी लाल, जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी,सुधा गुप्ता,सुजीत केसरवानी, रोहित केसरवानी,सतीश विश्वकर्मा,प्रबंधक प्रकाशचंद मिश्र, प्रताप बहादुर सिंह, वेद प्रकाश मिश्र, विनोद कुमार, सुधीर कुमार मिश्र, दिलीप चतुर्वेदी, सोमनाथ वर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# शिक्षकों के समस्याओं को दूर करने के लिए मुझे भाजपा ने प्रत्याशी बनाया : डाँ बाबूलाल तिवारी

**जसरा।** भारतीय जनता पार्टी ने शिक्षकों के समस्याओं को दूर करने के लिए मुझे इलाहाबाद-झांसी शिक्षक एमएलसी में प्रत्याशी बनाया मुझे आपसे विजय का आशीर्वाद रूपी प्रथम वरियता का मत चाहिए मै सदन मे शिक्षकों और शिक्षक क्षेत्र और विद्यालयों से जुड़ी समस्याओं को रखकर निराकरण कराने का कार्य करूंगा उक्त बाते इलाहाबाद-झांसी शिक्षक एमएलसी से भाजपा प्रत्याशी डॉं.बाबू लाल तिवारी ने शंकरगढ ज्योती गेस्ट हाऊस मे सभा को सम्बोधित करते हुए कही डॉं.बाबू लाल तिवारी ने आगे कहा अभी तक शिक्षकों के समस्याओं को खड़ा करने, लड़ने और लडाने का कार्य होता था। अब शिक्षकों के हितों की ओर मोदी-योगी के नेतृत्व में एतिहासिक कार्य होगा। वही सासद इलाहाबाद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी ने कहा भाजपा ने पहली बार शिक्षक प्रत्याशी के रूप में डॉं. बाबू लाल तिवारी को उतारा है उन्हें प्रथम वरियता का मत देकर विजई बनाएं शिक्षक नेता है शिक्षकों की समस्याओं को प्राथमिकता से दूर कराने का कार्य करेगें। जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती भारती ने कहा शिक्षकों के हितों के लिए डॉं.बाबू लाल तिवारी जैसा नेता ही होना चाहिए जिसे हम सब जिताने का कार्य करें। विधायक बारा डॉं.बाचस्पति ने कहा इस बार डॉं.बाबू लाल तिवारी के रिकार्ड जीत के आगे कोई आस-पास भी नही दिखेगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि प्रत्याशी डॉं. बाबूलाल तिवारी का प्रथम स्वागत लेप्रोसी चौराहा नैनी पर जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती ने किया उसके बाद यमुनापार के कृष्णा बाबा इंटर कालेज बगवना चाका,ईश्वरदीन छेदी लाल इंटर कालेज जसरा,श्री लाल चन्द्र इंटर कॉलेज जसरा,जंगी लाल इटर कालेज लोहगरा,रणजीत सिंह इंटर कालेज लोहगरा,राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़,राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शंगरगढ के साथ एक सभा के बाद कसौटा,नारीबारी के बाद कोरावं विधान सभा के विश्वनाथ प्रसाद इंटर कालेज जोरववट खीरी,शिव जियावन इंटरकालेज लेडियारी,सरदार पटेल कृषक इंटर कॉलेज कोरावं,गोपाल विधालय,बंदना टाकीज कोरावं मे कई विधालय के प्रबधकं शिक्षको के बीच प्रत्याशी ने प्रथम वरियता का मत मांगा।

**भाजपा शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी का जन संपर्क**

**कोरांव।** भाजपा से एमएलसी प्रत्यासी डॉक्टर बाबू लाल तिवारी के समर्थन में वंदना टाकीज नगर पंचायत कोरांव प्रयागराज में बैठक और जन समपर्क कार्यक्रम का आयोजन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विभव नाथ भारती और लोकप्रिय सांसद डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी ,लोकप्रिय विधायक कोरांव राजमणि कोल पूर्व जिला अध्यक्ष शिवदत्त सिंह पटेल व ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल व जिला उपाध्यक्ष शिवजय शंकर शुक्ला जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी जिला उपाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह जिला महामंत्री विक्रमाजीत तुलसीदास राणा श्याम मिश्रा बबुआन द्विवेदी ज शशि द्विवेदी मुकेश पाण्डेय राजेश त्रिपाठी जी रामराज सिंह रामकृष्ण केशरी सुरेंद्र कुमार सिंह गणेश मिश्रा व मण्डल के सभी सम्मानित भाजपा पदाधिकारीगण व एमएलसी चुनाव मैं समलित सभी विद्यालययों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य व शिक्षक गण कार्यक्रम मैं उपस्थित रहें। शिक्षक एम एल सी प्रत्याशी डॉक्टर बाबू लाल तिवारी के समर्थन और जनसंपर्क में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। उक्त जानकारी घनश्याम स्वर्णकार आई टी प्रमुख नामित सभासद ने दी।

## न्यूज झरोखा

### एमएसपी गारंटी कानून बनाने के लिए देश में फिर होगा बड़ा किसान आंदोलन : राकेश टिकैत



**प्रयागराज।** माघ मेले में आयोजित किसान सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देश में एक बड़ा मुद्दा है। एमएसपी को लेकर देश में एक बड़ा आंदोलन चलाया जाएगा। पिछली बार हुए 13 महीने के आंदोलन से बड़ा आंदोलन किया जाएगा। एमएसपी से किसानों को काफी नुकसान हो रहा है।माघ मेले में पहुंचे राकेश टिकैत ने कहा कि एमएसपी को लेकर देश में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। किसानों को जमीन न बेचने के लिए जागरूक किया जाएगा। किसानों की फसल काफी सस्ते में खरीदा जा रहा है। व्यापारी किसानों की जमीन को सस्ते में खरीद रहा है। अधिकारी और व्यापारी सरकार के लोग है। एमएसपी गारंटी कानून जब तक नहीं बनेगा तब तक किसानों को लाभ नहीं होगा।

### ब्लड डोनेशन कैंप का सकुशल हुआ समापन



**प्रयागराज।** बुधवार को यूफोरिएल यूथ सोसाइटी के तरफ से ब्लड डोनेशन और अवेयरनेस कैंप का आयोजन अन्हा ब्लड बैंक सिविल लाइन मैं किया गया, जिसमें संस्था के लोगों ने ब्लड डोनेट किया मुख्य अतिथि श्री बादल चटर जी पूर्व कमिश्नर शामिल थे, ब्लड कैंप मे बड़ी बात रही बॉम्बे से आयीं बॉम्बे ब्लड ग्रुप कि मेंबर मिन्हाज सुगरा ने ब्लड डोनेट किया, संस्था के मीडिया प्रभारी गुफरान खान को सम्मानित किया गया, साथ साथ जितने भी लोगों ने ब्लड डोनेट किया उनको श्री बादल चाटेरजी ने प्रशंसा पत्र देकर होंसला बढ़ाया मीडिया प्रभारी गुफरान खान ने बताया आज बहोत रक्तदाता आये जिसमें कुछ लोगों का हीमोग्लोबिन कम होने के वजह से ब्लड डोनेट नहीं कर पाये जब कि 20 से 25 लोगों ने ब्लड डोनेट किया.संस्था के संस्थापक वा अध्यक्षच समेत सभी मेंबर करिक्रम मे जुटे थे ।

### 58 पाउच देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने एक अभियुक्त को देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। शंकरगढ़ पुलिस ने धरे गए अभियुक्त के पास से 58 पाउच दौराला दिलकश अवैध देशी शराब बरामद की है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि थाने की पुलिस टीम के साथ पटहट पुलिया के पास से कुंजन सिंह उर्फ लाला पुत्र अमरजीत सिंह (निवासी करियाखुर्द, शंकरगढ़) को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी में उसके पास से 58 पाउच देशी शराब बरामद हुई है। कुंजन सिंह के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर चालान भेज दिया गया है। कुंजन सिंह की गिरफ्तारी एसआई अरमेंद्र सिंह ने अपनी टीम के साथ की है। इसी क्रम में शंकरगढ़ थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने क्षेत्र के लेदर के रहने वाले गेंदालाल पुत्र चंद्रशेखर तिवारी का शांतिभंग की आशंका में चालान किया है।



## विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकताओं ने एसडीएम बारा को सौंपा ज्ञापन

**बारा।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हाल ही में असम में हुए बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या के विरोध में एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी बारा को सौंपा, जिसमें महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित कर हो रहे बजरंग दल के कार्यकताओं की हत्या का विरोध जताते हुए ज्ञापन में 8 जनवरी 2023 को असम के करीमगंज जिले के लोवीरपुरा में बजरंग दल, '1 16 वर्षीय कार्यकर्ता शंभू कैरी कि एक जिहादी द्वारा चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई पिछले 2 वर्षों में बजरंग दल के 9 कार्यकताओं की हत्या और 32 कार्यकताओं पर हुए हमले के विरोध में कहा की, आप केंद्र सरकार से आग्रह करें कि , घृणा फैलाने वह झूठे विक्टिम कार्ड खेलकर मुस्लिम समाज को भड़काने वाले मौलवियों वह नेता पर नियंत्रण करने के लिए कठोर कानून बनाएं। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे चंद्र निधान पांडे जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद प्रयागराज मनोज सिंह जिला उपाध्यक्ष विहिप आशीष द्विवेदी जिला सह मंत्री सुशील सिंह जिला संयोजक शुभम पांडे जिला सहसंयोजक गोरक्षा प्रकोष्ठ धर्मेंद्र जिला समरसता प्रमुख प्रमोद प्रखंड अध्यक्ष नारीबारी शुभम देवी दयाल पाल शशांक पांडे अश्वनी पांडे सुंदरलाल विवेक केसरवानी शिवकुमार कुशवाहा अखिलेश द्विवेदी राघव सिंह सुजीत आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जेल प्रशासन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

**नैनी।** मानवाधिकार आयोग की जांच पर दो साल पहले जेल के अंदर एक बंदी की हुई मौत के मामले में सोमवार की देर रात जेल प्रशासन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। मालूम हो कि हंडिया ऊपरदहा गांव निवासी सूरज चौहान 20 वर्षीय पुत्र उमराव को स्थानीय पुलिस ने 2019 में एनडीपीएस की धारा में गिरफ्तार किया था। उसे जेल भेजा गया था। 19 जनवरी 2020 को तबीयत बिगड़ने पर उसे 29 जनवरी 2020 को जेल प्रशासन ने एसआरएन में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 31 जनवरी 2020 को उसकी मौत हो गई थी। उस दौरान डॉक्टरों के पैनल ने उसका पोस्टमार्टम किया था, जिसमें शरीर में कई चोटें पाई गई थी। इस मामले में मानवाधिकार आयोग की ओर से जांच कराई थी, जिसमें जेल की सीसीटीवी फुटेज का भी अवलोकन करने के बाद सछ्यो के आधार पर जेल प्रशासन को दोषी पाया गया। सोमवार की रात जेल प्रशासन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

# जसरा प्रधानों ने बीडीओ के खिलाफ खोला मोर्चा

अखंड भारत संदेश




**जसरा।** विकास खंड जसरा के अंतर्गत तीन दर्जन से अधिक ग्राम प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी के विरुद्ध मोर्चा खोल रखा है तथा विकास कार्यों में किए जाने वाले कार्य में हो रहे कमीशन की मांग व भ्रष्टाचार को लेकर आक्रोशित हैं। मामला उच्चाधिकारियों तक भी पहुंच चुका है। वहीं विकास खंड कार्यालय के कर्मचारियों ने भी खंड विकास अधिकारी जसरा के पक्ष में एक सभा कर प्रधानों द्वारा लगाए गए आरोप को गलत ठहराने का प्रयास किया है। बुधवार को विकास खंड जसरा के सभागार में ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति की एक बैठक जितेंद्र कुमार गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें एक दिन पूर्व मंगलवार को कुछ ग्राम प्रधानों द्वारा खंड विकास अधिकारी के चेंबर में की गई अभद्रता की निंदा की। साथ ही ग्राम प्रधानों द्वारा मीडिया के माध्यम से विकास कार्यों में 35 प्रतिशत धनराशि का विकास खंड स्तरीय कर्मचारियों द्वारा बंदर बांट के आरोप का भी खंडन किया गया और कहा गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य करने का दायित्व ग्राम प्रधानों का होता है। जिसके सहयोग हेतु सचिव ग्राम पंचायत, ग्राम रोजगार सेवक एवं पंचायत सहायक की नियुक्ति शासन द्वारा की गई है। गौड़ ने कहा कि सभी कर्मचारियों की सहभागिता से गांव का विकास होता है। सभी विकास कार्य शासन के शासनादेश के अनुसार कराए जाते हैं। शासकीय धनराशि के बंदरबांट का कोई औचित्य ही नहीं है। बैठक में ग्राम विकास अधिकारी/ एडीओ पंचायत श्यामलाल तिवारी, रामलाल यादव, यशवंत सिंह, विजेंद्र सिंह, राजीव मिश्रा, हेमंत सिंह ,विनोद कुमार, नितेश कुमार ,अमित शुक्ला, दीप्ति मिश्रा, ऋतु सिंह ,अतुल कुमार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कोऑपरेटिव बैंक ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर दी लोगों को जानकारी

अखंड भारत संदेश




**सहसों।** क्षेत्र के मनेथू गांव में नाबार्ड के विधि समावेश निधि के अंतर्गत इलाहाबाद डिस्ट्रिक को ऑपरेटिव बैंक शाखा फूलपुर द्वारा बुधवार को एक दिवसीय ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक फूलपुर शाखा के प्रबंधक दिनेश कुमार सिंह ने किसानों तथा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उसका लाभ जरूर उठाएं। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, दुर्घटना बीमा योजना के अलावा एटीएम कार्ड के प्रयोग से सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी नदी। इस मौके पर शार्प सेवा समिति मिजार्पुर द्वारा कोऑर्डिनेटर नीतू चौबे तथा कृष्णा चौबे की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बैंक से संबंधित विभिन्न जानकारियों की सजीव प्रस्तुति नाटक के माध्यम से करके लोगों को विभिन्न योजनाओं का उपयोग, सुरक्षा तथा लाभ उठाने की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रामकिशोर यादव तथा संचालन सचिव कमलेश मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि कमलेश कुमार बिंद ने सभी के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर अशोक चौधरी, राम नारायण प्रजापति, रामराज, भीम, लालजी गौतम, हरिश्चंद्र, कलुई देवी, उर्मिला देवी, तेजपाल यादव, बृजभान सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## टक्कर लगने पर स्कूटी सवार को पीट कर किया लहूलहान



**झूंसी।** माघ मेले में जा रहे स्कूटी सवार श्रद्धालु को कार सवार युवकों ने पीट कर लहूलहान कर दिया। बताया जाता है कि स्कूटी सवार मेले में जा रहा था सामने से कार आ रही थी दोनों में टक्कर हो गया। कार में सवार चार युवकों ने स्कूटी सवार का सर फाड़ दिया। मेजा के रहने वाले राम सागर शुक्ल झूंसी के परमानंद आश्रम में रहते है। बुधवार की शाम वह गोलाबाजार की ओर से स्कूटी से मेले में जा रहे थे सामने से कार आ रही थी दोनों में टक्कर हो गई। पीड़ित की माने तो कार में सवार युवक उतरे और सीधे मारने लगे इस दौरान एक युवक ने ईंट उठा कर राम सागर के सर में मार दिया सर से खून बहाने लगा मौके पर भीड़ जुटती देख युवक मौके पर कार छोड़ फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है।

# मानक के विपरीत बन रही सड़क, ग्रामीण आक्रोशित

अखंड भारत संदेश



**बारा।** बारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा असरवई के मधु का पूरा से लेकर पिपरांव नहर की पुलिया तक सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है।तय मानक के अनुसार सड़क निर्माण कार्य न किये जाने से ग्रामीणों ने इसकी शिकायत निषाद पार्टी बारा विधानसभा अध्यक्ष रिंकू बिंद से की। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सड़क की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आने दी जायेगी।अगर सम्बंधित अधिकारियों के द्वारा घटिया निर्माण किया गया तो इसकी शिकायत सम्बंधित उच्चाधिकारियों से भी की जायेगी। रिंकू बिंद ने ठीकेदार व जेई पर आरोप लगाते हुए कहा कि महीने दो महीने के लिए सड़क निर्माण नहीं किया जाता,सड़क निर्माण का मतलब होता है कि राहगीरों को आवागमन में सहूलियत बनी रहे।अगर जेई और ठीकेदार के द्वारा किसी प्रकार की गड़बड़ी की गई तो उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जायेगा और इनका भुगतान रोकवाने का प्रयास किया जायेगा।सरकार भी उच्च गुणवत्तापूर्ण कार्यों को ही किये जाने की बात करती है लेकिन उनके अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा गोलमाल कर दिया जाता है।जिनकी वजह से सरकार की किरकिरी हो रही हो,ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों को सेवामुक्त कर देना चाहिए।ग्रामीणों ने कहा है कि सड़क गुणवत्तापरक नहीं बनाई जा रही है, इसकी जाँच होनी चाहिये, या तो कार्य बन्द करवा दिया जाये।

## खबर संक्षेप

### 26 से विहंगम योग में 2100 कुंडीय विश्वशांति वैदिक यज्ञ

**झूंसी।** गंगा तट छतनाग स्थित सदफलदेव आश्रम में विहंगम योग समारोह व 69वें परमनिर्वाण दिवस के अवसर पर पांच दिवसीय 2100 कुंडीय विश्वशांति वैदिक यज्ञ 26 जनवरी से आरंभ हो कर 30 जनवरी तक चलेगा। इस अवसर पर भक्त प्रतिदिन शाम 6 बजे से संत प्रवर विज्ञानदेव महाराज की दिब्यवाणी से जय स्वरवेद कथा सुनेंगे। कार्यक्रम की तैयारी आश्रम में जोर-शोर से चल रही है। परमनिर्वाण दिवस में शामिल होने के लिए देश-विदेश से आने वाले भक्त आश्रम में पहुंचने लगे हैं।

### दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

**कोराब।** थाना कोरांव पुलिस प्रभारी ने अपराधियों पर अंकुश लगाने और उनकी गिरफ्तारी अभियान के तहत दो पुनः शातिर अपराधी गिरफ्तार कर जेल भेजा,गिरफ्तार अभियुक्त दीपक पाण्डेय पुत्र अरुण पांडेय ग्राम साजी भलुहा थाना कोरांव,एवम अजय पटेल पुत्र रमेश चंद्र ग्राम नगाई का पूरा कोरांव को कई वारदातों में शामिल और वांछित होने पर गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दीपक पाण्डेय पर खीरी थाने में गैंगस्टर एक्ट सहित कोरांव थाने में करीब आधा दर्जन मुकदमें और अजय पटेल पर भी कोरांव थाने में आधा दर्जन से अधिक दर्ज मुकदमों और गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकद्दमेन दर्ज हैं।

# मौनी अमावस्या पर ड्रोन से होगी निगरानी

## मेला क्षेत्र में बिनाअनुमति वीडियो बनाने पर रोक, पकड़े जाने पर होगी कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माघ मेला-2023 का सबसे मुख्य स्नान पर्व मौनी अमावस्या 21 जनवरी को है। सबसे ज्यादा भीड़ इसी दिन होगी। भीड़ को देखते हुए मेला पुलिस ने भी कमर कस ली है। पूरे मेला क्षेत्र को 7 ड्रोन व 150 सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखा जाएगा।

**ड्रोन पायलटों को दिया गया प्रशिक्षण**

मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरझा के लिए मेला पुलिस मेला क्षेत्र में नभ-जल-थल तीनों सजग प्रहरियों के साथ चप्पे चप्पे पर संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क नजर बनाए रखेगी।पुलिस आयुक्त रमित शर्मा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने बुधवार को पूरे मेला क्षेत्र में ड्यूटी के लिए लगे ड्रोन पायलटों की मीटिंग की। मेला पुलिस लाइंस के मान सरोवर सभागार में ब्रीफिंग के दौरान ड्रोन पायलटों को निर्देशित किया गया कि अनाधिकृत रूप से मेला क्षेत्र में आने वाले ड्रोन व संदिग्ध व्यक्तियो पर ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी रखे।



**मेला क्षेत्र में बिना अनुमति ड्रोन चलाने, वीडियो-फोटो बनाने पर रोक**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला ने मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं से आग्रह है कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार मेला क्षेत्र में बने स्नान घाटों व महत्वपूर्ण स्थानों में बिना अनुमति वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी व ड्रोन के माध्यम से वीडियो व /फोटो न लें। पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। ड्रोन से वीडियो व फोटोग्राफी करने पर ड्रोन को मेला पुलिस के द्वारा जब्त किया जाएगा।

### बेंगलुरु में आयोजित टी-20 क्रिकेट मैच खेलने जाएगी आईटीआई यूनिट की टीम

**आईटीआई लिमिटेड नैनी क्रिकेट टीम घोषित**

**नैनी।** आगामी 23 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले अंतर विभागीय टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन बेंगलुरु, कर्नाटक में आयोजित होगा। क्रिकेट टूनार्मेंट में भाग लेने के लिए प्रयागराज जिले के अंतर्गत औद्योगिक नगरी, नैनी क्षेत्र में स्थापित आईटीआई लिमिटेड कंपनी टीम की घोषणा कर दी गई है। आगामी शुक्रवार को हवाई जहाज के द्वारा बेंगलुरु के लिए रवाना हो जाएंगे। उक्त कंपनी के मजदूर संघ अध्यक्ष राजेश गिरि एवं मंत्री जयशंकर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि औद्योगिक नगरी, नैनी यूनिट टीम के कप्तान राकेश चंद्र निषाद, पी.के. सिंह, पंकज टंडन, अजय चौधरी, राजेश कुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार मिश्रा, अरशद अल्वी, कार्तिक पटेल, मोः आदिल, अनूप किशोर, प्रदीप कुमार सिंह, गौरव तिवारी, अभिषेक सिंह, लोकेश लिखितकर, राकेश कुमार यादव, कोच प्रवीण कुमार दत्ता व टीम प्रबंधक संतोष कुमार शामिल हैं। साथ ही अन्य यूनिट में राय बरेली, मनकापुर गोंडा, पालघाट, केरल, श्रीनगर जम्मू एंड कश्मीर यूनिट की टीम भी भाग लेगी।

## न्यूज झरोखा

### केंद्र सरकार ने एमएसपी कमेटी बनाकर किसान हितों को ठंडे बस्ते में डालने का किया काम : टिकैत



**प्रयागराज।** संगम तट पर माघ मेले में भारतीय किसान यूनियन की पंचायत का बुधवार को समापन हो गया। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के नेतृत्व में आखिरी दिन हुई पंचायत में किसानों ने मिनिमम सपोर्ट प्राइज (एमएसपी) गारंटी कानून लाने की मांग की है। इस मौके पर टिकैत ने कहा कि कोरोना काल के बाद इस वर्ष पूरी समर्थता के साथ देश भर के किसान यहां आए हैं। फसलों का सही दाम नहीं मिल रहा है।उन्होंने आगे कहा कि तीन कृषि बिलों की वापसी के बाद एमएसपी गारंटी कानून के लिए हम केंद्र सरकार की बाट जोह रहे हैं। सरकारों द्वारा बिजली बिल बढ़ाया जा रहा है। खाद की किल्लत बनी हुई है। भूमि अधिग्रहण मनमाने तरीके से हो रहा है और जल-जंगल-जमीन बचाने के लिए आदिवासी परेशान हैं। मछली पालन में जुटे लाखों मछुवारों की रोजी-रोटी का संकट है। राजस्थान जैसे राज्यों में घर-घर पानी नहीं पहुंचा है। केरल के नारियल किसान और गन्ने के बकाया भुगतान के लिए पश्चिमी यूपी के किसान परेशान हैं।भारतीय किसान यूनियन की पंचायत के समापन में टिकैत ने ये भी कहा कि किसानों की समस्याओं के बीच से ही भारतीय किसान यूनियन का उदय 1987 में हुआ था। भारतीय किसान यूनियन किसानों-मजदूरों और आदिवासियों को विश्वास दिलाती है कि वह इस वर्ग के हितों की रक्षा के लिए सतत संघर्ष करती रहेगी। टिकैत ने कहा कि केंद्र सरकार ने एमएसपी कमेटी बनाकर किसान हितों को ठंडे बस्ते में डालने का काम किया है। इसलिए हम उस कमेटी को सिरे से खारिज कर एमएसपी गारंटी कानून कीपुरजोर मांग करते हैं। पंचायत में किसान हितों के 26 प्रस्ताव पास हुए है। पंचायत के समापन पर राकेश टिकैत केरल के लिए रवाना हो गए।

### प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर मैजिक बनी आग का गोला, फायर ब्रिगेड कर्मियों ने बुझाई आग



**प्रयागराज।** सीएनजी किट में लीकेज होने से मैजिक में आग लग गई। गनीमत रही कि उसमें सवार लोग बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंचे फायर कर्मियों ने आग को बुझाया। आग लगने से मैजिक में सवार यात्री सहम गए थे। नवाबगंज निवासी पवन पांडेय मौजिक चलाते हैं। बुधवार दोपहर वह सवारियों की बैठाकर प्रयागराज की तरफ जा रहे थे। वह अभी प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर मझिला गांव दुखियापुर मोड़ के पास पहुंचे थे कि अचानक मैजिक में लगी सीएनजी की पाइप लीक हो गई। इससे मैजिक के अगले हिस्से से आग की लपटें उठने लगीं। यह देख मैजिक से बैठे यात्री शोर मचाने लगे। इस पर चालक ने मैजिक रोकर सभी यात्रियों को नीचे उतारा और गाड़ी को हाईवे के बीच छोड़कर भाग निकला। मैजिक धू-धूकर जलने लगी। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन आग बढ़ती जा रही थी। सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना पर पहुंचे कर्मियों ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। तब तक मैजिक का अधिकांश हिस्सा जल गया था। इस दौरान हाईवे पर करीब आधे घंटे तक वाहनों काजाम लगा रहा। जली मैजिक को रोड के किनारे ले जाकर खड़ी कर दिया गया।

### स्वामी विवेकानंद संदेश यात्रा का झूंसी में हुआ स्वागत



**झूंसी।** वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर स्थित झूंसी पुलिस चौकी पर स्वामी विवेकानंद की संदेश रथ यात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वामी विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश में निकाली जा रही स्वामी विवेकानंद संदेश यात्रा बुधवार को वाराणसी से प्रयागराज के झूंसी में पहुची जहा भाजपा नेता अरुण कुमार मिश्र उर्फ पिंटू नेता के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर दुकान जी, धमार्नंद पांडेय, अनिरुद्ध ओझा, अतुल मिश्र, राकेश मिश्र, वरुणानंदन महाराज, अतुल पांडेय, जतिंन पांडेय सहित सेंट्रल एकेडमी के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त ने स्मार्ट सिटी के तहत कराये जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा की

**मदन मोहन मालवीय स्टेडियम एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय में डेवलपमेंट आफ हॉकी टर्फ के कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर संस्था को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश**



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में बुधवार को गांधी सभागार में स्मार्ट सिटी के तहत कराये जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं को कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि कार्यों की गुणवत्ता की नियमित रूप से जांच भी की जाये। मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में स्मार्ट सिटी योजना के तहत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति धीमी पाये जाने पर कार्यदायी संस्था इंसोलेक्स के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए मण्डलायुक्त ने कार्यदायी संस्था को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है तथा उचित कारण न प्रस्तुत किए जाने पर कार्यदायी संस्था को ब्लैकलिस्टेड किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने का निर्देश नगर आयुक्त को दिया है। इसी तरह से इलाहाबाद विश्वविद्यालय में डेवलपमेंट आफ हॉकी टर्फ के कार्य में प्रगति धीमी पाये जाने पर सम्बंधित कार्यदायी संस्था को भी नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। स्मार्ट सिटी के तहत बनाये जा रहे स्मार्ट रोड के कार्यों की गुणवत्ता की जांच किए जाने एवं जांच में गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई किए जाने का निर्देश प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को दिया है। स्मार्ट सिटी योजना के तहत शोभनाथ सिंह रोड़ तथा उसपर कराये जा रहे विद्युत के कार्य की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने पन्द्रह दिन में कार्य को पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने पत्रिका रोड़ के रि-डेवलपमेंट के कार्य तथा विद्युत के कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। इसी तरह से बस शेल्टर के निर्माण कार्य को भी फरवरी माह तक पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। मण्डलायुक्त ने म्योहाल के पास प्रस्तावित स्पोर्टस कॉम्पलेक्स के निर्माण कार्य हेतु निविदा एवं आर्किटेक्ट के चयन की प्रक्रिया को शीघ्रता से कराने तथा इसकी डिजाईन को उच्च क्वालिटी के स्तर की बनाये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद चौहान, नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों के साथ-साथ कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## खबर छापने के खुन्नस मे दबंगों ने किया पत्रकार पर जानलेवा हमला

**कौंधियारा।** बारा थाना क्षेत्र में दबंगों की दबंगई की खबर छापने के कारण पत्रकार पर जानलेवा हमला किया गया जिसकी लिखित शिकायत पत्रकार ने बारा पुलिस से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पत्रकार और उसका परिवार खौफ के साए में जी रहा है। कौंधियारा थाना क्षेत्र के बघोलवा गांव निवासी सोनू सिंह उर्फ रणविजय सिंह नारीबारी क्षेत्र से एक हिंदी दैनिक अखबार के स्थानीय पत्रकार है जो बीते दिनों टोल प्लाजा पर अवैध वाहनों को पास कराने वाले पासर गैगं के खिलाफ लगातार खबर प्रकाशित करते रहे और उन्ही पासर गैंग द्वारा बारा के गन्ने चौराहे पर शराब की दुकान पर सेल्समैन से मारपीट करने संबंधी खबर प्रकाशन से खुन्नस खाए दबंगों ने बीते मंगलवार रात को पत्रकार के ऊपर जानलेवा हमला किया । स्थानीय लोगों के बीच बचाव के कारण किसी तरह पत्रकार जान बचाकर घर भाग गया दूसरे दिन पत्रकार सोनू सिंह थाने पर जाकर लिखित तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि खबर छापने की खुन्नस में दबंगों ने जानलेवा हमला किया। पत्रकार सोनू सिंह ने बताया कि इसके पूर्व भी अवैध वाहनों को टोल प्लाजा पर पास कराने संबंधी खबर छापने पर उक्त दबंगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई थी जिसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से किया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई मंगलवार की रात जब वह अपने कार्यक्षेत्र नारीबारी से घर की ओर जा रहे थे तो हाईवे पर पटेल नगर चौराहे पर डांडो बारा थाना निवासी अंकित सिंह उर्फ मोनू और कोयल सिंह निवासी खौरिया अपने दर्जनों साथियों के साथ लाठी डंडा सहित आकर हमला बोल दिए स्थानीय लोगों के जुटने पर बीच-बचाव देखकर भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई लाठी डंडा से लैस उक्त दबंग लोग जान से मारने की धमकी देते हुए कह रहे थे कि इतना मार देंगे कि पत्रकारिता भूल जाओगे। उक्त घटना से क्षेत्र के पत्रकारों में काफी आक्रोश व्याप्त है वहीं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के दर्जनों सदस्यों ने इस बात की घोर निंदा करते हुए स्थानीय प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है और कहा कि जल्द ही कार्यवाही नहीं की गई तो हम सभी पत्रकार आंदोलन के लिए बाधृय होंगे। वहीं क्षेत्र में आम चर्चा है कि गु उक्त दबंग व्यक्ति स्थानीय पुलिस को प्रतिदिन मोटी रकम अवैध वाहनों को पास कराने के एवज में देते है जिसके कारण स्थानीय पुलिस इन पर कार्यवाही करने से बचती है अब ऐसे में जब पत्रकार ही सुरक्षित नहीं है तो आम जनमानस का क्या होगा।

## संत सम्मेलन में उठा गौ रक्षा मंत्रालय बनाने का मुद्दा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** ऋषि -कृषि सम्मेलन में संतों ने गौ रक्षा मंत्रालय बनाने का मुद्दा उठाया। साधु-संतों ने कहा कि गौ आधारित खेती से ही राष्ट्र का उत्थान संभव है। इसके लिए केंद्र -प्रदेश में मंत्रालय और जिला स्तर पर आयोग का गठन कर गो आधारित कृषि की ठोस कार्ययोजना बनाई जानी चाहिए। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि काशी सुमेरु पीठाधीश्वर स्वामी नरेंद्र नंद सरस्वती ने कृषि को लेकर नए प्रयोगों की जरूरत पर बल दिया।स्वामी नरेन्द्रानंद ने कहा कि गौ आधारित खेती का मूल हमारे वेद हैं। गौ आधारित खेती से ही विश्व का कल्याण हो सकता है। रसायन मुक्त खेती होनी चाहिए। जगद्गुरु ने गौ रक्षा मंत्रालय और जिला स्तर पर गौ सेवा आयोग बनाने का सुझाव दिया। साथ ही गौ आधारित खेती के लिए जन प्रतिनिधियों को एक -एक गांव गोद लेने का परामर्श भी दिया।मुख्य वक्ता कृषि समृद्धि आयोग के सदस्य श्याम बिहारी गुप्त ने भी गोवंशों के संरक्षण पर जोर दिया। उप निदेशक कृषि विनोद कुमार शर्मा ने यूरिया को विष बताया। उन्होंने भी किसानों को गौ आधारित कृषि के लिए प्रेरित किया। कृषि समृद्धि आयोग के सदस्य श्याम बिहारी गुप्त ने किसानों को गो मूत्र से जीवामृत बना कर यूरिया के स्थान पर प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर मछली बंदर मठ के महंत विमल देव आश्रम, अखिल भारतीय दंडी संन्यासी परिषद के अध्यक्ष महंत स्वामी ब्रह्माश्रम, घरौंदा पीठाधीश्वर स्वामी शंकर आश्रम, टीकरमाफी आश्रम के महंत हरि चैतन्य ब्रह्मचारी, चौसठी मठ के महंत प्रकाश आश्रम, अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेंद्रनंद सरस्वती, विश्व स्वरूप ब्रम्हचारी, महेंद्र स्वरूप ब्रम्हचारी, योगेंद्र स्वरूप ब्रम्हचारी उपस्थित थे। संचालन भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यालय प्रभारी आचार्य कुश मुनि स्वरूप ने किया। इसके बाद कृषि समृद्धि आयोग के सदस्य श्याम बिहारी गुप्त को शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता सनातन ज्ञान पीठाधीश्वर स्वामी महेशाश्रम ने की।

## मऊआइमा के डाक्टर ए एच फारूकी को वि. वि. से मिला प्रशंसा प्रमाणपत्र

अखंड भारत संदेश

**सन 19 71 व 72 में एफ एम बी एस से बी यू एम एस कराने में दिया था अहम योगदान**



**मऊआइमा।** स्टैट यूनानी मेडिकल कॉलेज प्रयागराज में सन 1971 में शिक्षा ग्रहण के दौरान एफ एम बी एस से बी यू एम एस को काराने के लिए काफी संघर्ष किया था। जिसपर डाक्टर ए एच फारूकी को इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा प्रशंसा प्रमाणपत्र एंव अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।जिससे मऊआइमा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। डाक्टर ए एच फारूकी मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला मौलाना के मूल्य निवासी हैं। वह यूनानी स्टैट मेडिकल कालेज इलाहाबाद के छात्रों के अध्यक्ष रह चुके हैं। शिक्षा के दौरान एफ एम बी एस की शिक्षा के दौरान यूनानी चिकित्सा के अलावा एलोपैथिक को भी पढाने की मांग की तथा इस दौरान वह काफी संघर्ष किए। मांग पूरी होने के बाद यूनानी चिकित्सा के अलावा एलोपैथिक के प्रोफेसर आ कर शिक्षा देने लगे । जिससे उस समय यूनानी चिकित्सा के अलावा एलोपैथिक की छात्रों को जानकारी होने लगी। पूर्व में एफ एम बी एस की डिग्री बोर्ड द्वारा दी जाती थी। तथा जब यूनानी चिकित्सा के अलावा एलोपैथिक की शिक्षा ग्रहण करने लगे तो उन्हें आयूर्वेद, यूनानी ,एलोपैथीक का ज्ञान प्राप्त होने लगा तो एफ एम बी एस को खत्म कर बी यू एम एस ( बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी) यानि विधि एंड मॉडनर्स मेडिसीन एंड सर्जरी की डिग्री इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वार दिया जाने लगा। इसी उपलब्धि को देखते हुए गत दिनों विश्वविद्यालय के विभागीय सचिव डाक्टर रूहुल अमीन ने प्रशंसा प्रमाण पत्र दिए और प्रोफेसर डाक्टर अनवर मोहसिन ने अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किए। डाक्टर ए एच फारूकी को मऊआइमा का नाम रोशन करने के लिए पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी ,डाक्टर नदीम इंतेखाब ,नूर उद्दीन सैफी,मेराज आरिफ आदि ने बधाई दी है।

### पाइप में लीकेज होने से सड़क पर बह रहा है पानी लोग गिरकर हो रहे चुटहिल

**जंघई।** बरुणा जंघई पर पतैयां गेट के पास प्रधानमंत्री पेयजल योजना के अंतर्गत जो पाइप लाइन डाली गई है उसमें कई जगह लीकेज होने के कारण पूरा पानी सड़क पर बह रहा है और लोगों के घर में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। आवागमन करने वाले राहगीरों, बाइक सवार एवं साइकिल सवार फिसल कर चुटहिल हो रहे हैं। आवागमन करने वाले नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है क्योंकि इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश का हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 2233824 और इंटरमीडिएट वर्ष 2015 अनुक्रमांक 1579360 का प्रमाण पत्र अंकपत्र कहीं खो गया है काफी प्रयास के बाद भी नहीं मिल सका है जिस सज्जन को अंक पत्र प्रमाण पत्र मिले वह नीचे लिखे पते पर पहुंचाने का कष्ट करें।

**सुभाष चन्द्र पुत्र राम आसरे**
**निवासी - ग्राम बभनपूरा, पोस्ट गुवारा तैयबपुर, जिला कौशाम्बी**


# डीएम ने दिये नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती को भव्य रूप से आयोजित किए जाने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता से सम्बंधित बनायी जायेगी मानव श्रृंखला व दिलायी जायेगी शपथ**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती (23 जनवरी, 2023) को भव्य रूप से मनाये जाने के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत ही नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर विद्यालयों में कक्षा-8 से 12 तक के एवं उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों के साथ मानव श्रृंखला बनाये जाने एवं सड़क सुरक्षा शपथ दिलवाये जाने हेतु आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। जिलाधिकारी ने मानव श्रृंखला कार्यक्रम में समस्त विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, एनजीओ, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, एनएसएस, एनसीसी, स्कॉउट गाइड सहित अन्य आमजनमानस की अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने हेतु कहा है। जिलाधिकारी ने मानव श्रृंखला का आयोजन मुख्यालय स्तर के साथ-साथ तहसीलों एवं ब्लाक स्तरों पर भी आयोजित कराये जाने हेतु कहा है। बैठक में बताया गया कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर सिविल लाइन स्थित सुभाष चन्द्र बोस चैराहे से व्यापक स्तर पर मानव श्रृंखला का आयोजन किए जाने हेतु आवश्यक व्यवस्थायें एवं कार्रवाईयां सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने इस अवसर पर सुभाष चैराहे को केन्द्र बिंदु मानते हुए वहां से जाने वाली सड़कों व शहर की अन्य सड़कों पर कुल मिलाकर 50 किमी0 की श्रृंखला बनाये जाने हेतु आवश्यक तैयारियां करने के लिए कहा है। इसी तरह से प्रत्येक तहसीलों में 10 किमी0 एवं ब्लाकों में 05 किमी0 मानव श्रृंखला बनाते हुए सड़क सुरक्षा के बारे में लोगो को जनजागरूक किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने मानव श्रृंखला को इस तरह से आयोजित कराये जाने के लिए कहा है कि जिससे कि यातायात भी न बाधित हो एवं मानव श्रृंखला सुव्यवस्थित ढंग से बनायी जा सके। उन्होंने बैण्ड बाजे के साथ-साथ सुभाष चैराहे को सुव्यवस्थित ढंग से सुसज्जित किए जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाली मानव श्रृंखला में कुछ बच्चों को नेता सुभाष चन्द्र बोस के पोशाक में प्रतिभाग किए जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया है। उन्होंने सड़क सुरक्षा के बारे में लोगो को जागरूक करने हेतु मानव श्रृंखला में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को सड़क सुरक्षा से सम्बंधित पोस्टर बनाकर प्रदर्शित करने के लिए कहा है। उन्होंने अच्छा पोस्टर बनाने वाले बच्चों को विद्यालय स्तर पर पुरस्कृत भी किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के सकुशल एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किए जाने हेतु जनपद, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किए जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर एडीएम सिटी मदन कुमार, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारीगण के अलावा अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।




## हनुमानगंज में एचडीएफसी की नई ब्रांच का उद्घाटन

**हनुमानगंज।** एचडीएफसी बैंक का जीटी रोड बहादुरपुर ब्लाक के सामने हनुमानगंज बाजार में न?ई शाखा का एडीएम जेपी सिंह व सर्किल हेड मनीष टंडन संयुक्त रुप से फीता काटकर उद्घाटन किया। शाखा से जुड़े सेवाओं को विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि ग्राहकों को केंद्र व राज्य सरकार की सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। बैंक के सीनियर अधिकारी अखिलेश शुक्ला ने बताया कि प्रयागराज शहर में यह 22 वीं शाखा है। अभी तक प्रदेश में कुल 698 शाखाएं संचालित है। पूरे देश में एचडीएफसी की कुल 8697 बैंक शाखाएं कार्यरत हैं। इस मौके पर शाखा प्रबंधक मनीष पांडेय, कृति राय, सूरज मिश्रा, संदीप सिंह, राहुल तिवारी, सुयश अग्रवाल, राजेश कुमार, प्रीति सिंह आदि बैंक कर्मचारी उपस्थित रहे।


**कार्यालय, नगर पालिका परिषद मंझनपुर, कौशांबी**

**नामान्तरण (दाखिल-खारिज ) सूचना**

उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 एवं नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा निर्मित गृहकर एवं विविध उपविधि नियमावली 2021 में वर्णित सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत वर्तमान नगर पालिका परिषद मंझनपुर (पूर्व नगर पंचायत के वार्ड नम्बर-06. मोहल्ला- चक नगर प्रथम के भवन / प्लट के स्वामी श्रीमती विद्या देवी पत्नी श्री महरानी दीन का नाम पंजीकृत बेनामा संख्या-2309/2017 (दिनांक 2007 (2017) के आधार पर उपरोक्त भवन / प्लाट के स्वामी के रूप में श्रीमती अनुराधा द्विवेदी पत्नी श्री शिव कुमार द्विवेदी चक नगर प्रथम, मंझनपुर कौशाम्बी का नाम संयोजन हेतु प्रस्तावित है। उपरोक्त प्रस्तावित संयोजन पर यदि किसी व्यक्ति/समूह/हितलाभी को कोई आपत्ति हो तो उपरोक्त प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित लिखित आपत्ति नगर पालिका परिषद मंझनपुर कौशाम्बी के कार्यालय में उपलब्ध करा दें अन्यथा उपरोक्त भवन / भूखण्ड में संयोजन हेतु नाम अंकित करने की कार्यवाही नियमानुसार पूर्ण कर दी जायेगी। प्राप्त आपत्ति के साथ आपत्तिकर्ता लिखित साक्ष्य द्वारा मु० एक हजार रुपये आपत्ति शुल्क के रूप में जमा करना होगा. जो आपत्ति के सही पाये जाने पर आपत्तिकर्ता को वापस कर दी जायेगी तथा गलत आपत्ति पाये जाने की स्थिति में उपरोक्त आपत्ति शुल्क विभाग के पक्ष में जब्त कर लिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**न0पा0प0 मंझनपुर कौशांबी**

पत्रांक संख्या : 1000(4)/न0 पा0 परि0मं0/2022 दिनांक 31 दिसंबर 2022

### आग से झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** छप्पर में लगी आग की चपेट मे आने से झुलसे युवक की इलाज के दौरान मंगलवार की रात मौत हो गयी। हथिगंवा निवासी मंगल सिंह 40 अपनी बहन किरन के यहां लीलापुर थानान्तगत प्रभैतामऊ पूरे रायजू में रहता था। वह दरवाजे पर बने मडहा में सोमवार की रात सो रहा था। इसी बीच अज्ञात कारणो से छप्पर मे आग लग गयी थी। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया था। स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज मे उसका इलाज चल रहा था। परिजनों के अनुसार यहां इलाज के दौरान मंगलवार की रात मंगल की मौत हो गयी। मृतक अविवाहित था। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार की सुबह मृतक का शव घर लाया गया तो कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि गांव मे ही युवक का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 108 जोड़े हुए एक दूजे के

## पांच मुस्लिम महिलाओ को मौलाना ने पढ़ाया निकाह

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** हर गरीब मां बाप का एक सपना होता है कि मेरी बेटी की शादी धूम धाम के साथ हो उन गरीब मां बाप का सपना आज सामूहिक विवाह में पूरा होता दिखाई दे रहा है जिसकी लोग कल्पना नही कर सकते थे इस सामूहिक विवाह में सबसे बड़ा योगदान ग्राम प्रधानों का भी रहा जो सरकार की इस वैवाहिक कार्यक्रम को गरीब मां बाप के सपना को पूरा किया इसकी जितनी प्रशंसा की जाय कम है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में बुधवार को ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर के परिसर में कुन्डा ब्लाक के 55 व कालाकांकर ब्लाक के 53 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह में प्रतापगढ़ की पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ जिसमे सभी नव विवाहित जोड़ो को प्रमाण पत्र वितरण किया जिसमें कुन्डा के 3 मुस्लिम महिलाएं व कालाकांकर की 2 मुस्लिम महिलाओ को मौलाना ने मुस्लिम रीतिरिवाज के साथ निकाह पढ़ाकर संपन्न कराया। सभी वर वधू को आचार्य श्याममूर्ति पांडेय, आचार्य सुमित पांडेय, आचार्य दीपक दुबे, आचार्य अनुज दूबे, आचार्य जय प्रकाश मिश्रा ने अपने सहयोगी आचार्य के साथ वेदों मंत्रोच्चारण के साथ वर वधू को एक दूसरे के गले मे जयमाल डलवाकर आशीर्वाद देकर विवाह सम्पन्न कराया। विवाह के सम्पन्न होने के बाद खाने पीने की ब्यवस्था पंडाल में लगाया गया था जिसमे लड़का लड़की पक्ष के लोग भोजन कर सके। मुख्यमंत्री विवाह में शासन की तरफ से प्रत्येक जोड़े को उनके खाते में 35 हजार रुपये की धनराशि भेजी जाएगी विवाह के समय एक बैग में शासन की तरफ से पायल, चुटकी, मोर, चुनरी कुकर व डिनर सेट उपहार के रूप में सभी जोड़ो को दिया गया जिसमें लड़का लड़की पक्ष के परिजन लोग भी मौजूद रहे। इस मौके पर नोडल अधिकारी ट्रेनिग सेंटर कालाकांकर के आचार्य अनूप कुमार,खंड विकास अधिकारी कुंडा एव कालाकांकर जी0 डी0 शुक्ल, सहायक विकास अधिकारी पँचायत सन्तोष कुमार शुक्ला, आईएसबी एवं ग्राम विकास अधिकारी ब्यास कुमार मौर्य, आफताब अहमद, आर पी यादव, प्रभांशु पाण्डेय, ज्योति यादव, अनुराग यादव, रविशंकर सोनकर, शशिकांत सिंह, श्रीराम, सुशील जायसवाल, मनदीप कुमार, कुँवर मनीष सिंह प्रधान कालाकांकर मोहित मिश्रा भाजपा कुसुवापुर मंडल अध्यक्ष, प्रदीप गुप्ता प्रधान कोराली, इरफान अहमद, जुनैद आलम, योगेश कुमार, सत्यनारायन, बब्लू यादव कुसुवापुर, सुरेश यादव मुरस्सापुर सत्येंद्र कुमार मोनू अन्तामऊ, पप्पू चुड़िहार पनिगौ, फूलचन्द पाल कदई, मुकेश सिंह रजवापुर, तालुकदार सिंह छिदौरा, शरद लाला केरावडीह, प्रभाकर पटेल कडरौ, रामखेलावन जनवामऊ, प्रकाश चन्द बाजिदपुर, मनोज कुमार त्रिपाठी बरमौली, संजय त्रिपाठी हिनाहू, राजेश कुमार मिश्रा तिवारी पुर, संतोष यादव मधवापुर, जोखू यादव संग्रामपुर,ब्रजेश यादव अतौलिया, अनिल कुमार मौर्य परियावां, मनोज कुमार पटेल अंधरीपुर, श्रीनाथ लेखाकार, एडीओ कुन्डा व समाज कल्याण कालाकांकर सुनील कुमार, ब्लाक प्रमुख कालाकांकर रमेश सरोज के साथ कुन्डा व कालाकांकर ब्लाक के सभी अधिकारी कर्मचारी के साथ सफाई कर्मी अपनी डियूटी पर लगे रहे। सुरक्षा को देखते हुए नवाबगंज पुलिस मुस्तैदी से डटी रही। बड़े ही हर्षोल्लास के साथ ब्लाक कालाकांकर के समस्त अधिकारी व कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के नव विवाहित जोड़ो को अपना आशीर्वाद देकर नम आंखों से विदाई किया।


वर-वधू को प्रमाण पत्र देतीं पूर्व सांसद रत्ना सिंह।

# बेल्हा देवी मंदिर को स्वच्छ विरासत में किया गया चयनित

## नगर पालिका ने बेल्हा देवी मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिषद बेल्हा में स्वच्छ विरासत अभियान युद्ध स्तर पर जारी है। इसी क्रम में शासन द्वारा चयनित बेल्हा देवी मंदिर को स्वच्छ विरासत चयनित किया गया है जिसके तहत बुधवार को अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील के निर्देश के क्रम में बेल्हा देवी धाम पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। रैली निकालकर स्वच्छता और जीरो वेस्ट का सन्देश दिया गया।

नगर के ऐतिहासिक स्थल को स्वच्छ धरोहर में स्थापित करने के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता प्रति जागरुक कर रहें है। नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ द्वारा नगर में 14 जनवरी से स्वच्छ विरासत अभियान चला जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका द्वारा नगर के पर्यटक एवं ऐतिहासिक स्थलों को स्वच्छ धरोहर में स्थापित करने के साथ-साथ लोगों को स्वचछता के प्रति जागरुक भी किया जा रहा है। इस अभियान के तहत बुधवार को नगर पालिका कर्मी बेल्हा देवी मन्दिर परिसर में जंगी पैमाने पर सफाई करते हुए दिखे तथा लोगों को स्वच्छता व जीरो वेस्ट का सन्देश दिया। रैली के दौरान पालिका अधिकारी व कर्मचारी लोगों को जीरो वेस्ट से जुड़ी जानकारियां दी तथा लोगों को सूखा व गीला कूड़ा को अलग-अलग एकत्र करने हेतु जागरुक किया। यह अभियान 24 जनवरी तक चलाया जायेगा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में 14 जनवरी से 24 जनवरी तक पूरे प्रदेश में स्वच्छ विरासत अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत नगर पालिका परिषद बेला में बेल्हा देवी मंदिर को स्वच्छ विरासत के रूप में चयनित किया गया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि हमारी जो विरासत है उसे संरक्षित और सुरक्षित करते हुए वहां साफ सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए। इस अभियान में मैराथन रन फॉर जी-20 और स्वच्छता अभियान के साथ 24 जनवरी को प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर गौ पूजा के साथ इस अभियान का समापन किया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने में पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के डी0सी0 आशीष मिश्रा व डी0पी0एम0 वरुण कुमार सिंह सहित पालिका के सफाई कर्मी पूरी लगन से कार्य कर रहें है।



बेल्हा देवी मंदिर में आयोजित स्वच्छता अभियान में मौजूद नपा के ईओ व अन्य

# सेवा क्षेत्र के लिए नगर की बड़ी सौगात है अटल मण्डपम

## कार्यक्रम में पूजन अर्चन के साथ विशिष्टजनों का हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के अझारा वार्ड में बुधवार को नवनिर्मित अटल मण्डपम में आध्यात्मिक पूजन अर्चन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगरवासियों की सुविधा के लिए अटल मण्डपम की सेवाओं व गुणवत्ता की भी सराहना हुई दिखी।

कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य राजेश पाण्डेय के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य भगवान श्रीगणेश व मां लक्ष्मी के विधिविधान से पूजन अर्चन से किया गया। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी अटल मिश्र ने कहा कि अझारा वार्ड में यह नवीन मण्डपम विचार गोष्ठियों एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों के भी आयोजन का मजबूत केंद्र नजर आयेगा। स्वागत भाषण शशांक मिश्र ने किया। बतौर मुख्यअतिथि चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने नगर के विकास में ऐसे निर्माणपरक संस्थानों के शुभारंभ को लोगों के लिए सुविधा की बडी सौगात कहा। अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन अधिवक्ता अखिलेश मिश्र ने किया। कार्यक्रम मे संयोजक अटल मिश्र ने सामाजिक एवं वकालत के क्षेत्र मे योगदान के लिए समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र व पं. देवानंद मिश्र, इं. सुनील पाण्डेय, पत्रकार ज्ञानप्रकाश शुक्ल, डा. आशीष सिंह, चंद्रशेखर तिवारी, राकेश तिवारी, आनंद त्रिपाठी, मुकेश तिवारी, लवलेश शुक्ल, जगत वर्मा, शास्त्री सौरभ तथा अधिवक्ता अजय शुक्ल गुडडू, संतोष पाण्डेय, प्रमोद सिंह, अनूप पाण्डेय, मिथलेश तिवारी, शिक्षक बृजेश द्विवेदी व दीपक पाण्डेय आदि को सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन सह संयोजक कौशलाधीश मिश्र ने किया।

# महिला कबड्डी चैंपियनशिप में इंटर कालेज मोहनगंज विजेता

## पूर्व प्राचार्य अमर बहादुर सिंह की स्मृति में आयोजित हुई कबड्डी चैंपियनशिप

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान में स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित पूर्व प्राचार्य अमर बहादुर सिंह एवं महेंद्र प्रताप सिंह लेखपाल की स्मृति में 49वीं सीनियर महिला जिला कबड्डी चैंपियनशिप में इंटर कालेज मोहनगंज ने पीबी इंटर कालेज को 37-31 के अंतर से शिकस्त दे चैंपियनशिप पर कब्जा किया।

प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने प्रतिभाग किया। बतौर मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश प्रताप सिंह,संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा की उप प्रधानाचार्य, डा. अलीशा खान ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। अध्यक्षता एबीवीपी के प्रांत उपाध्यक्ष डा. धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने किया। लाल जी त्रिपाठी, लालमणि सिंह,मो. आसिफ निर्णायक रहे। स्कोरिंग राम कुमार सिंह,आंचल सिंह, मो.इरफान ने किया। कुंवर वीरेंद्र सिंह ने अतिथियों का अभिनन्दन किया। क्रिकेट टेनिस बाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल करने वाले कर्मराज सिंह मंजीत को कबड्डी एसोशिएशन द्वारा सम्मानित किया गया। संचालन डा. धीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। आयोजक राजीव कुमार सिंह, अभिषेक सिंह रामू ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।


विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथिगण।

## भण्डारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर ब्लाक अर्न्तगत उदयपुर के राजापुर बाजार में चल रही श्रीराम कथा का सोमवार को समापन हुआ। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन पूजन का कार्यक्रम विधिविधान से सम्पन्न हुआ। आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं ने भण्डारे में महाप्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान यहां वृक्षारोपण कार्य भी सम्पन्न किया गया। आचार्य कृष्णानंद शास्त्री गर्ग की अगुवाई में छायादार व फलदार वृक्षारोपण का कार्य भी सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार साहू ने किया। इस मौके पर सुरेश कुमार रावत, राजेश कुमार मौर्या, डा. विनय गुप्ता राहुल, डा. अम्बुज मिश्र, रामअभिलाष उपाध्याय, जयप्रकाश केसरवानी, रामस्वरूप आदि मौजूद रहे।

# ट्रक में पीछे से घुसी मोटरसाइकिल, तीन मरे

## नवयुवकों के मरने पर मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** ट्रक के अचानक ब्रेक मार देने से मोटरसाइकिल से घर जा रहे तीन युवक पीछे से ट्रक में घुस गये और तीनों की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से अंतू क्षेत्र में कोहराम मच गया। मौके पर पुलिस पहुंचकर तीनों को मेडिकल कालेज भेजी लेकिन किसी की भी जान नहीं बच पाई।

घटना के बारे में बताया जाता है कि चिलबिला-अमेठी मार्ग पर अंतू थाना क्षेत्र के ककहरा मोड़ पर पल्सर मोटरसाइकिल से तीन युवक बिहारगंज अपने घर जा रहे थे। आगे जा रही ट्रक के अचानक ब्रेक मार देने से तेज रफ्तार की बाइक ट्रक में पीछे की ओर घुस गई जिससे यह दर्दनाक हादसा हो गया। आसपास के लोगों की सूचना पर अंतू पुलिन से तीनों घायलों को अस्पताल भेजा जहां चिकित्सक ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। इस बीच मृतकों के परिजन भी मेडिकल कालेज पहुंच गये। शवों को देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतकों की षिनाख्त सेतापुर निवासी गोलू उर्फ शुभम सिंह (26), पचखरा निवासी रोहित सिंह (28) और नगर कोतवाली के दहिलामऊ निवासी आषुतोष सिंह (28) के रुप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ सिटी सुबोध गौतम, अपर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र अस्पताल और घटना स्थल का निरीक्षण किया। बताया जाता है कि मंगलवार की रात कोहरे का धुंध छाया था। इस कारण भी मोटरसाइकिल सवार ट्रक का अचानक रुकना नहीं देख पाए और मौत के मुंह में समा गये। शुभम पांच दिन पहले मुम्बई से लौटा था। मंगलवार को अपने दोस्तों रोहित व आषुतोष के साथ निकला था। इकलौते भाई की मौत पर परिवार पर कोहराम छाया हुआ है। पोस्टमार्टम हाउस पर परिवार के लोग रोते-बिखलते देखे गये।


मृतक गोलू सिंह, रोहित सिंह व आशुतोष सिंह।

# एमडीआरटी सहित अभिकताओं का हुआ सम्मान समारोह

## विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने किया लक्ष्य का निर्धारण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जीवन बीमा निगम प्रतापगढ़ की यूनिट 31102 द्वारा आयोजित शैक्षिक सेमिनार एवं एम0डी0आर0टी0 बने अभिकर्ता ओम प्रकाश कोरी तथा अन्य उत्कृष्ट अभिकताओं का सम्मान समारोह का आयोजन यूनिट के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने किया।

समारोह में बीमा व्यवसाय बढ़ाने के गुर बताए गए। एम0डी0आर0टी0 बनकर जिले का गौरव बढ़ाने वाले अभिकर्ता श्री कोरी का जन-अभिनंदन किया गया। सभी का स्वागत करते हुए यूनिट के यशस्वी विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने कहाकि यूनिट के अभिकर्ता नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। इस अवधि में नई उपलब्धियां मिली हैं। आपने नया मुकाम बनाया है। विशिष्ट कार्य करने वाले ही नया इतिहास बनाते हैं। इस अवसर पर ओम प्रकाश कोरी सहित अभिकताओं किरन देवी, कामता प्रसाद वर्मा, राम सिंह यादव, नन्द किशोर प्रजापति, पुष्पेंद्र शुक्ला, मीला शुक्ला तथा लवलेश कुमार को पुरस्कार स्वरूप शानदार उपहार दिए गए। मुख्य शाखा प्रबंधक दीपक चावला ने कहाकि प्रतापगढ की शाखा बीमा व्यवसाय में उच्च स्थान पर है। एम0डी0आर0टी0 बनना बड़ी उपलब्धि है। मेहनत से सबकुछ प्राप्त किया जा सकता है।

शाखा उप प्रबंधक सुशील कुमार तिवारी ने कहा कि एम0डी0आर0टी0 बनने से आर्थिक लाभ तो होता ही है यह सम्मान का भी प्रतीक है। राजीव कुमार आर्य की मेहनत से आगे बड़ी संख्या में एम0 डी0 आर0 टी0 बनेंगे।

अध्यक्षता करने वाले बाल न्यायाधीश एवं साहित्यकार डा0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें सफलता अवश्य मिलेगी। उक्त अवसर पर एलायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय निदेशक रोशनलाल उमरवैश्य, अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, शिक्षक राकेश कनौजिया, राजकुमार तिवारी, ओम प्रकाश शुक्ला, राकेश कुमार, सतीश चन्द्र तिवारी, यशवीर सिंह एवं पुष्पेन्द्र शुक्ला आदि उपस्थित रहे। अन्त में विकास अधिकारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।


सम्मान समारोह में मौजूद अधिकारी व अभिकर्तागण।

## स्वास्थ्य टीम नो लालगंज सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कायाकल्प योजना के तहत बुधवार को राज्य स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लालगंज सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। डा. प्रियंका की अगुवाई मे डा. रंजन व डा. राजेश पटेल समेत तीन सदस्यीय टीम ने अस्पताल मे स्वास्थ्य व्यवस्थाओं तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों के बारे मे जानकारी हासिल किया। टीम ने ओपीडी, लैब, महिला वार्ड, दवा वितरण कक्ष, प्रसूता कक्ष, ऑपरेशन कक्ष के साथ ही आयुष्मान वार्ड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम ने मरीजो से भी पूछताछ कर अस्पताल मे मिल रही निशुल्क सुविधाओ के बाबत हकीकत खंगाली। इसके साथ ही स्वास्थ्य टीम ने अस्पताल मे स्वच्छता व्यवस्था को भी देखा। प्रसूता कक्ष व महिला वार्ड में प्रसूताओं को मिलने वाली सुविधाओ व दवा के रखरखाव की भी टीम द्वारा बिंदुवार जानकारी हासिल की गयी। अस्पताल की व्यवस्थाओं से टीम फिलहाल संतुष्ट नजर आयी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में एक दूसरे के हुए 725 जोड़े

## नवदम्पतियों को मिले सरकारी उपहार व प्रमाण पत्र

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सभी ब्लाकों में आज प्रधान सहित 725 जोड़ों ने सात फेरे लिये। प्रषासन की ओर से अधिकारी व जनप्रतिनिधि हर जगह मौजूद रहे। पूरे विधि विधान से पंडित द्वारा इन जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। सदर ब्लाक के फुलवरिया स्कूल में कार्यक्र का आयोजन किया गया जिसमें सीडीओ ईषा प्रिया, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य व विष्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल ने नवदम्पत्तियों को आषीर्वाद दिया। तहसील लालगंज के रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक मुख्यालय पर धूमधाम से हुए समारोह मे इक्कीस जोडो ने एक दूसरे का हाथ थामा।

विवाह उत्सव में मगन वर पक्ष तथा कन्या पक्ष के लोगो के भी चेहरे रस्म पूरी होते ही खिल उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ यहां पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पा शर्मा ने किया। मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया भी कार्यक्रम मे पहुंची और नवदम्पतियों को सरकार की ओर से उपहार व विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम का संयोजन बीडीओ अश्विनी कुमार सोनकर ने किया। प्रशासन की ओर से विवाह भोज का भी आयोजन किया गया था। इस मौके पर पूर्व प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल, राकेश चतुर्वेदी, अवधेश सिंह, रूपनाथ पटेल, रविशंकर शुक्ल आदि रहे। सहायक विकास अधिकारी प्रवीण कुमार ने आभार जताया। इधर सांगीपुर ब्लाक मुख्यालय पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत चैतीस जोडो ने सात फेरे लिये। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू ने किया। हालांकि यहां एक दूल्हे को अचानक मण्डप मे चक्कर आ गया। इसके चलते वर पक्ष के लोग दूल्हे को लेकर अस्पताल चले गये। इससे एक जोडा शादी की रस्म से वंचित भी हो उठा दिखा। कार्यक्रम का संयोजन बीडीओ अपर्णा सैनी ने किया। यहां भी ब्लाक प्रमुख व बीडीओ ने नवविवाहित जोडो को सरकारी उपहार व विवाह प्रमाण पत्र सौंपा। वहीं लक्ष्मणपुर में कुल पचपन जोडो को विवाह के सूत्र में बंधते देखा गया। इनमें से पांच निकाह भी रीतिरिवाज से हुये। कार्यक्रम का संयोजन बीडीओ सत्यदेव यादव ने किया। विवाहोत्सव में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डा. राकेश सिंह तथा क्षेत्रीय विधायक जीतलाल पटेल की पत्नी विमलेश पटेल भी पहुंची और नवदम्पतियों को शुभकामनाएं दी।



## खबर संक्षेप

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 16 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से चार थाना करारी से एक थाना महेवाघाट से दो धाना संदीपनघाट से दो थाना कोखराज से पांच थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से दो कुल 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त सत्यम मिश्रा पुत्र ज्ञानेन्द्र मिश्रा निवासी तिलक नगर अल्लापुर थाना जार्ज टाउन जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### चेकिंग के दौरान कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 140 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# बजरंग दल ने ज्ञापन सौंपकर जिहादियों से संपर्क रखने वाले पर की कार्यवाही की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** बजरंग दल के जिला संयोजक विवेक जायसवाल के नेतृत्व में सैकड़ों लोग जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा इस मौके पर शिवपूजन राही प्रांतीय उपाध्यक्ष धर्म प्रसाद ने कहा कि जिहादियों के कुछ संबंध कौशांबी में भी हैं सरकार उन पर नजर रखें और उनकी जांच करके जिहादियों से संपर्क रखने वालों पर कठोर कार्यवाही करे इस मौके पर शिवपूजन राही अजय पांडे नीलमणि मंत्री समर पटेल कौशलेंद्र सुरेंद्र पटेल नीरज मोदनवाल रूपेंद्र विश्वकर्मा शिवेंद्र कुमार रिंकू उमाकांत पटेल राम अभिलाष परमेश्वर दयाल अमित पाठक सतीश तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। शिवपूजन राही ने कहा आज देश एक विकट परिस्थिति से जूझ रहा है जिसकी और हम आपका ध्यान आकर्षित करना चाहते है। देश में जिहादी तत्व घृणा और आतंक का वातावरण निर्माण कर रहे हैं। कभी ₹सर तन से ₹ सक्रिय होता है तो कभी लव जिहाद या जिहाद के अन्य प्रकारों से हिंदू समाज को आतंकित करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। हिंदू संगठनों, उनके कार्यकताओं और हिंदू नेताओं पर हमले कर उनकी हत्या करने की कई घटनाएं सामने आई हैं। 8 जनवरी, 2023 को असम के करीमगंज जिले के लोविरपुरा में बजरंग दल के एक 16 बंधीय कार्यकर्ता रामू कैरी की एक जिहादी द्वारा चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई। पिछले दो वर्षों से ही बजरंग दल के 9 कार्यकताओं की हत्या हुई है और 32 कार्यकताओं पर हमले हुए हैं। जो घटना अभी दिल्ली में हुई है वह भी चिंता पैदा करती है जिसमें दो हत्यारों ने एक हिंदू को निर्मम हत्या कर दी और उसके 32 टुकड़े करने के बाद कहा कि उसके निशाने पर कई हिंदू नेता भी हैं। आतंक फैलाने के लिए किए गए इन हमलों में दो नई रणनीतियां सामने आ रही हैं। हमलों के लिए नाबालिगों को आगे किया जा रहा है जो बकरों की कुबार्नी और मदरसों की शिक्षा के कारण पहले से ही क्रूरता और घृणा में कूट-कूट कर भरे होते हैं। कई घटनाओं से उन्होंने हत्या करने वाले गैंग को भी सुपारी दी है, जैसा कि दिल्ली के हत्याकांड से स्पष्ट हुआ है। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि केंद्र सरकार को आग्रह करें कि घृणा फैलाने व झूठे विक्टिम कार्ड खेलकर मुस्लिम समाज को भड़काने वाले मौलवियों व नेताओं पर नियंत्रण करने के लिए एक कठोर कानून बनाएं। इन हमलों में सम्मिलित अवयस्कों की वयस्क के समान माना जाए जिससे अवयस्कों को मिलने वाला संरक्षण इन क्रूर हमलावरों और हत्यारों को न मिल सके। हिंसा के लिए प्रेरित करने वाले तत्व विभिन्न नामों से सामने आते रहते हैं। सिम्मी, पीएफआई, सिटीजन फोरम आदि के आदि केवल नाम है। प्रेरक तत्व जिहादी विचारधारा है जिस पर रोक लगाने के लिए एक आवश्यक कठोर कानून बनाना चाहिए। इसके लिए आप कृपया केंद्र सरकार को उपयुक्त निर्देश दे घृणा का वातावरण बनाने में मदरसों का बड़ा योगदान है। उन पर नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था बनानी चाहिए, यह समय की मांग है।



ज्ञापन सौंपते बजरंग दल के पदाधिकारी

## न्यूज झरोखा

### प्रधान ने कटवा दिया नीम शीशम के पांच हरे पेड़

#### थाना अध्यक्ष महेवा घाट पर हरे पेड़ कटवाने का लगा आरोप



**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के महेवा घाट थाना अंतर्गत अजरौली ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि पर लगे शीशम और नीम के हरे विशाल पेड़ को ग्राम प्रधान जगमोहन पर कटवाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी भूमि पर नीम शीशम सहित तमाम प्रजाति के कई विशाल वृक्ष खड़े थे मंगलवार को रात्रि को ग्राम प्रधान ने लकड़हारे को बुलाकर नीम और शीशम के पांच हरे पेड़ कटवा दिए हैं बताया जाता है कि पेड़ काटने के बाद ग्राम प्रधान ने लकड़ियों को इलाके की एक आरा मशीन में भेज दिया है अब सवाल उठता है कि सरकारी भूमि पर लगे सरकारी हरे पेड़ को बिना वन विभाग के परमिशन लिए ग्राम प्रधान ने कैसे कटवा दिया है ग्रामीणों की मानें तो महेवाघाट थाना अध्यक्ष से सांठगांठ के बाद शीशम और नीम के हरे पेड़ को कटवाया गया है ग्रामीणों ने डीएफओ और जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नीम और शीशम के हरे विशाल पेड़ कटवाने वाले ग्राम प्रधान पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है।

### अपर जिलाधिकारी ने की अधिकारियों के साथ बैठक


बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय द्वारा उदयन सभागार में इलाहाबाद-झाँसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन-2023 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए नियुक्त प्रभारी सह प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक में अपर जिलाधिकारी ने निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार प्रत्येक बूथ पर वीडियोग्राफर नियुक्त करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के बूथ पर सभी आवश्यक आधारभूत व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने एआरटीओ को वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी को एसएसटी व वीएसटी टीम के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश देने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी प्रभारी सह प्रभारी अधिकारियों को सौंपे गये दायित्यों का निर्वहन जिम्मेदारीपूर्वक करने के निर्देश दियें इलाहाबाद-झाँसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन के लिए जनपद में कुल 11 मतदेय स्थल/मतदान केन्द्र बनाये गये हैं एवं कुल 1543 मतदाता हैं, जिसमें 1269 पुरूष व 274 महिला मतदाता सम्मिलित हैं। निर्वाचन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए कुल 03 जोनल मजिस्ट्रेट, 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 11 माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किये गये है। मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह एवं श्री विकास पाण्डेय द्वारा दिनॉक 19 जनवरी 2023 को उदयन सभागार में पीठासीन/माइक्रो आब्जर्वर व मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जायेंगा।

# खाना बना रही महिला को घर में घुसकर दबंगों ने बेरहमी से पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**बेरूवा कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र में खेत की मेड़ काटने का आरोप लगाते हुए दबंगों द्वारा एक महिला को जमकर मारा पीटा गया है महिला ने चरवा पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है घटना 17 जनवरी की है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के घूरी गांव की महिला मनोज देवी पत्नी गुलाब सिंह यादव 17 जनवरी की सुबह करीब 8 बजे घर में खाना बना रही थी तभी गांव के सतीश यादव पवन यादव पुत्रगण राम सिंह यादव डंडा लेकर महिला के घर घुस आए और खेत की मेड तोड़ने का आरोप लगा कर गाली-गलौज करते हुए महिला को मारने पीटने लगे महिला ने हो-हल्ला मचाया होहल्ला सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो दबंग गाली गलौज जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए हैं मामले की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को पीड़ित महिला ने दी है।

### अभियुक्त को पांच वर्ष कठोर कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर अंतर्गत 04 अगस्त 2020 आरोपी द्वारा नाबालिग के साथ छेड़खानी की गयी थी इस सम्बन्ध में लड़की की मां द्वारा 12 अगस्त 2020 को थाना मंझनपुर पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। जिसके अभियुक्त गुलाब सिंह पुत्र स्व0 बद्री प्रसाद निवासी गोबरसहाकई थाना मंझनपुर को आज न्यायालय स्पे० जज पॉक्सो एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 05 वर्ष कठोर करावास तथा 6000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया अर्थ दण्ड न अदा करने पर 09 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी।

### पकौड़ा भी खाया पैसा भी नहीं दिया अदालत से दर्ज करा दिया दुकानदार के नाम मुकदमा

**कौशाम्बी।** जिले में ब्रेड पकोड़ा खाकर छुट्टे पैसे नहीं देने के एक मामले में अदालत के आदेश पर पुलिस ने दुकानदार सहित 4 लोगो पर गंभीर धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की तफ्तीश कर रही है। पकौड़ा का यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मामला महेवा घाट थाना क्षेत्र के अंधावा गांव का है पकोड़े की दुकान लगाने वाले वीरेंद्र चौरसिया की दुकान पर 13 अगस्त 2021 को शाम 7:00 अँधावा के रहने वाले ज्ञान सरोज ब्रेड पकौड़ा खाने गए थे। नाश्ता करने के बाद ज्ञान सरोज ने दुकानदार वीरेंद्र चौरसिया को 500 की नोट दी, जिस पर दुकानदार ने गाली देते हुए कहा कि छुट्टा पैसा 20 रुपया दो, गाली गलौज का विरोध करते हुए ज्ञान सरोज ने कहा कि घर से पैसे लाकर देता हूं,और वह घर चला गया। इसके बाद वीरेंद्र चौरसिया उसकी पत्नी और दो अन्य साथी घर पर पहुंचे,और घर पर चढ़कर जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो सब लोग मिलकर मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने आई ज्ञान की पत्नी को भी मारा पीटा गया,और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इसकी तहरीर पीड़ित ने महेवाघाट थाने में दी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। पुलिस के आला अधिकारियों से भी शिकायत की गई। इसके बाद पीड़ित ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत के आदेश पर महेवाघट पुलिस ने एक महिला सहित 4 लोगों पर एससी एसटी, मार-पीट और जान से मारने की धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।पकौड़ा के चलते दर्ज मामले को लेकर लोगो में चचाओं का बाजार गर्म हो गया है,लोग तरह तरह से मामले की चुस्की ले रहे है।

# ओवरब्रिज निर्माण में धांधली से आक्रोशित हुए ग्रामीण


ज्ञापन सौपते ग्रामीण

**अखंड भारत संदेश**

**टेडीमोड कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के सुजातपुर में ओवरब्रिज का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें सुजातपुर बम्हरौली के गांव के ग्रामीणों के मकान और जमीन भी अधिग्रहण में आ रहे हैं। नापजोख के बाद विभाग ने ग्रामीणों को मुआवजा से सबंधित जानकारी देकर अतिक्रमण हटाने को कहा है। लेकिन ग्रामीण के मुआवजे को लेकर असंतोष व्याप्त है। इसी को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर मुआवजा

### ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

राशि सही रूप से दिलाए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है की किसी को सही रूप से यह नहीं बताया जा रहा है की उसकी कितनी भूमि अधिग्रहण की जा रही है ।एक एक रकबे में कई सह खातेदार हैं कई मकानों का मुआवजा ही नही दिया जा रहा हैं और कई लोगों का काफी कम मुआवजा बनाया है। ज्ञापन सौंपने वालों में विष्णु कांत तिवारी, श्यामलाल, गीता देवी, जगदीश प्रसाद, चंद्रशेखर, रामसिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# जर्जर पानी की टंकी को आधा तोड़कर ठेकेदार गायब

## नगर पालिका भरवारी में हादसे की संभावना से लोग चिंतित

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले के नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नम्बर 20 केशव नगर में नलकूप में पूर्व में पानी सप्लाई के लिए पानी टंकी बनी हुई थी।यह पानी की टंकी भरवारी में सन 1967 में जलकल विभाग द्वारा बनवाई गयी थी। जिससे नगर पालिका भरवारी में पीने के पानी की सप्लाई की जाती थी। लगभग बीस वर्ष तक सब कुछ सही चलने के बाद अचानक से पानी की टंकी जगह-जगह से जर्जर हो गयी और नगर पालिका द्वारा इसका इस्तेमाल भी बंद कर दिया गया और लोगों को पम्प हाउस से सप्लाई दी जाने लगी। चूंकि पानी टंकी के आस पास घनी आबादी है और टंकी के ठीक सामने प्राचीन राधा कृष्ण की मंदिर भी है। इसके चलते लोगों का आवागमन रहता है। स्थानीय लोगों ने इस निस्प्रयोज्य जर्जर पानी टंकी को गिराने के लिए बीते सन 2018 में नगर पालिका परिषद भरवारी के तत्कालीन ईओ गिरीश चंद्र से कहा था। ईओ ने इसके लिए डीएम को पत्राचार भी किया था। पत्र को संज्ञान में लेकर तत्कालीन डीएम मनीष कुमार वर्मा ने इस जर्जर पानी की टंकी की जांच कराकर गिरवाने के लिए नगर पालिका को निर्देशित किया था। फिर भी ये जर्जर पानी की टंकी नही गिराई गयी थी। इसके अलावा 2020-2021 मई में इस जर्जर पानी की टंकी को पूरा गिरवाने के लिए एक लाख 22 हजार रुपए का टेंडर एक चर्चित ठेकेदार ने ले लिया और ठेकेदार द्वारा एक सप्ताह के भीतर इसके ऊपरी हिस्से को गिरा दिया गया। आधी टंकी गिराकर ठेकेदार काम अधूरा छोड़कर गायब हो गया। जुलाई 2022 में नगर प्रशासक एसडीएम दीपेन्द्र यादव पम्प हाउस में लगे जनरेटर की जांच में पानी टंकी पहुंचे तो स्थानीय लोगों ने एसडीएम से जर्जर पानी की टंकी गिराये जाने की बात कही। तो एसडीएम ने तत्काल इसे पूरा गिराने का सम्बंधित को आदेश भी दिया। पर 6 माह बीत जाने के बाद भी ये जर्जर पानी की टंकी नही गिराई जा सकी। जिससे मोहल्ले के लोगों में दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।


पानी की टंकी

### निराश्रित बेसहारा गोवंश को संरक्षित करने के उद्देश्य से कण्ट्रोलरूम नम्बर 7000688216 जारी

#### उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा० यशपाल सिंह, दूरभाष संख्या-8707834098 नोडल अधिकारी नामित

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार के निदेर्शानुसार मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ ए0 के0 सागर ने जनपद के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के निराश्रित /बेसहारा गोवंश को संरक्षित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट (कण्ट्रोल रूम नम्बर - 7000688216) जारी किया है। उन्होंने बताया कि इस नम्बर पर सूचना प्राप्त होने पर सम्बन्धित निराश्रित/बेसहारा गोवंश को नजदीक के गोवंश आश्रय स्थल में संरक्षित कर दिया जायेगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस कार्य के अनुश्रवण के लिए उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा० यशपाल सिंह, दूरभाष संख्या-8707834098 को नोडल अधिकारी नामित किया है। नोडल अधिकारी को निर्देशित किया है कि जनपद के कण्ट्रोल रूम पर प्रतिदिन प्राप्त होने वाली शिकायतों का अनुश्रवण कर सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी एवं पशुचिकित्साधिकारी / उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए वार्ता कर समस्या का निस्तारण कराते हुए उन्हें अवगत कराया जाना सुनिश्चित करेगें।

# पांच जनवरी को जापान में हुई नैना की मौत रसूला बाद घाट में हुआ अंतिम संस्कार

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशांबी।** कौशांबी की बेटी की जापान में मौत होने के बाद जैसे ही उसका पार्थिव शरीर घर पहुंचा परिवार में कोहराम मच गया पूरे परिवार की लोगों की अश्रुपूरित आंखें और मौके पर मचा कोहराम लोगों को रोने पर मजबूर कर रहा था हिंदू रीति रिवाज से कौशांबी की बेटी का गंगा नदी के किनारे अंतिम संस्कार किया गया है इस दौरान अश्रुपूरित आंखों से सैकड़ों लोगों ने उसे अंतिम विदाई दी है। नगर पालिका परिषद के मेहता रोड निवासी राधे कृष्णा की बेटी अनुषा ऊर्फ नैना की शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व सुलेम सराय निवासी मनीष कुमार केसरवानी के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी हुई थीं अनुषा के पति मनीष कुमार जापान में वैज्ञानिक के पद पर कार्य रत थे इसी बीच भगवान के आशीर्वाद के बेटी अनुषा ऊर्फ नैना ने एक बच्चे को जन्म दिया जन्म देने के मात्र अठारह दिन बाद बच्चे की मां अनुषा ऊर्फ नैना की नहाते समय गिर जाने से ब्रेन हेमरेज हो गया जिसको लोगो की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। मौत की खबर से मायका वा ससुराली जनों के मोहल्ले में मातम छा गया था ' उसके बाद बेटी के शव को जापान से भारत लाने की प्रक्रिया शुरू हुई शव हवाई जहाज दिल्ली लाया गया

### बेटी के ससुराल सुलेम सराय शव पहुंचते ही बिलख पड़े परिवार के लोग


मृतका अनुषा की फाइल फोटो

आज सुबह उनके निवास स्थान सुलेम सराय से शव यात्रा रसुला बाद घाट में पंच तत्व में विलीन हुई इस बीच सभी लोगो की आंखे आशुओ में डूबी रही 'इस मौके पर राधे कृष्णा बाल कृष्ण राम कृष्ण श्री कृष्ण हरि ओम सुनीता राकेश सुषमा सुरेश शालनी ओम प्रकाश निरूपा धीरू मयंक रस्तोगी तथा पत्रकार राजू सक्सेना आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# 2 बाल वैज्ञानिक के चयनित होने पर प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** जय माँ दुर्गे इंटर कालेज अमिरता पुर अझुवा के 2 बाल वैज्ञानिक छात्रों का चयन होने पर विद्यालय के प्रधानचार्य सुनील साहू ने आज बुधवार को शील्ड प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया है। प्रधानाचार्य सुनील साहू ने बताया कि जय माँ दुर्गे इंटर कालेज के हाईस्कूल के 4 छात्र और कक्षा 7 के एक छात्र ने नवाचारी प्रोजेक्ट आइडिया ऑनलाइन फार्म भरा था जिसमे हाईस्कूल के 2 बाल वैज्ञानिकों के नवाचारी आइडिया जिसमे अमन का मॉडल था वृद्ध एवम विकलांगो के लिए मददगार छड़ी एवम आयुष का मॉडल था विजेटेबल कटर मशीन को चयन करते हुए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा इंस्पायर्ड अवार्ड के रूप में प्रोत्साहन स्वरूप बाल वैज्ञानिकों के खाते में 10 -10 हजार की धनराशि प्रेषित की गई है उक्त धनराशि के सहयोग से बाल वैज्ञानिक अपने मॉडल का निर्माण करते हुए आगामी जनपद स्तरीय इंस्पायर्ड अवार्ड प्रदर्शनी में अपने मॉडल का प्रदर्शन करेंगेमौके पर मौजूद रहे विद्यालय प्रबंधक प्रदीप त्रिपाठी, मनीष श्रीवास्तव ,संकल्प त्रिपाठी,रौनक अंसारी ने बाल वैज्ञानिकों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।



छात्रों को शील्ड देकर सम्मानित करते प्रधानाचार्य

### बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने से साइकिल हुई चोरी

#### चोरों ने बैंक के बाहर लगे सुरक्षा कर्मी की लापरवाही को किया उजागर

**कौशाम्बी।** करारी थाना से महज 300 मीटर दूर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने से दिन दहाड़े साइकिल चोरी हो जाना बैंक में लगे सुरक्षाकर्मियों की लापरवाही को दशार्ता है पुलिस की लगातार लापरवाही से चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। आए दिन बैंक और दुकानों के सामने कभी साइकिल तो कभी बाइक खड़ी करने पर चोरी होने की दिनचर्या बन गई है लेकिन फिर भी पुलिस के हाथ चोरों के गिरेहबान तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक बैंक ऑफ बड़ौदा करारी के सामने एक डिजिटल स्टूडियो के मालिक ने रोज की तरह आज भी साइकिल खड़ी करके अपने जरूरी कार्यों को निपटाने में लगा हुआ था। जब वह सभी कार्य को निपटा कर घर जाने की तैयारी करने लगा तभी बाहर अपनी साइकिल न पाकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसने साइकिल को काफी खोजबीन किया लेकिन नहीं मिली जिससे मायूस उसने करारी थाना में तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की है।

### ताला तोड़कर सात बकरी उठा ले गए चोर

**कौशांबी।** जिले में बोलेरो सवार बकरी चोर गिरोह के आतंक से गांव के किसान और पशुपालक परेशान हैं लेकिन बोलेरो सवार बकरी चोर की घटनाओं में रोक लगती नहीं दिख रही है बीती रात फिर पिपरी थाना क्षेत्र के मखदुमपुर पुलिस चौकी अंतर्गत तियरा गांव में नन्हे यादव के पशुबाड़ा का ताला तोड़कर 7 बकरियां चोर उठा ले गए नन्हे यादव परिवार सहित दूसरे घर में रहते हैं और पशुबाड़ा में ताला बंद कर वह सोने चले गए थे आधी रात को बोलेरो सवार चोर पहुंचे और पशुबाड़ा का ताला तोड़कर 7 बकरियां उठा ले गए हैं जिनकी कीमत एक लाख रुपए बताई जाती है मामले की सूचना पीड़ित पशुपालक ने पुलिस चौकी मखदुमपुर में दी है लेकिन चोरी की घटना के खुलासे के बजाय पुलिस चौकी के सिपाही पुष्पेंद्र पीड़ित से कह रहे हैं कि चोर को पकड़ कर लाओ।

# दानपुर पेट्रोल पंप में कम नाप से आजिज आ गए हैं वाहन स्वामी

## मशीन में चिप लगाए जाने के बाद भी पेट्रोल पंप संचालक पर नहीं हो रही है कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**दानपुर कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के दानपुर गांव में लगी इंडियन ऑयल के पेट्रोल पम्प में वाहन स्वामियों के साथ खुलेआम पेट्रोल की नाप में कम दिया जा रहा है मशीन में चिप लगाकर पूरे दिन नाप में कम डीजल पेट्रोल ग्राहकों को दिया जाता है आए दिन इस बात को लेकर ग्राहकों से नोकझोंक भी होती है खुलेआम हो रहे घटतौली में इंडियन ऑयल के अधिकारियों से लेकर बाट माप विभाग के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं जिससे वाहन स्वामियों को कम पेट्रोल लेने में संतोष करना पड़ता है बताया जाता है कि यह पेट्रोल पंप संचालक माफिया टाइप का व्यक्ति हो गया है और इसके परिवार के कई पेट्रोल पंप अलग-अलग क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं लगभग सभी पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल की नाप को कम करके दिए जाने के मामले में इस परिवार को शोहरत हासिल है सूत्रों की माने तो इंडियन ऑयल के इंजीनियर से सांठगांठ करके पेट्रोल पंप की मशीनों में चिप लगाए गए हैं और चिप लगाए जाने के चलते पेट्रोल पंप की मशीन के नाजुल से मीटर चलने के बाद भी जीरो पॉइंट से 5 पॉइंट तक तेल नहीं निकलता है खुलेआम चिप लगाकर पेट्रोल पंप में घटतौली किए जाने के बाद बरसों बीत जाने के बाद कार्रवाई ना होने के चलते विभागीय अधिकारियों पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं सूत्र बताते हैं कि बाट माप के अधिकारी से लेकर पूर्ति विभाग और इंडियन आयल के अधिकारी प्रत्येक महीने पंप संचालक से मोटी रकम वसूल रहे हैं इलाके के वाहन स्वामियों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप की जांच कराते हुए पेट्रोल पंप को सीज कराए जाने और पेट्रोल पंप संचालक पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है।

संपादकीय

# मतदान से दूर

हालांकि जब आयोग ने इसे शुरू करने का प्रस्ताव रखा, तभी इसका विरोध शुरू हो गया था। इसके व्यावहारिक पक्षों को लेकर तरह-तरह के सवाल उठाए और शंकाएं जताई जा रही थीं। निर्वाचन आयोग ने सभी दलों को निमंत्रित किया था कि वे आएं और आरवीएम से संबंधित अपनी शंकाएं और सुझाव साझा करें।

निर्वाचन आयोग मशीन के व्यावहारिक पक्षों को समझाना और उनकी सहमति मिलने के बाद इसे प्रायोगिक तौर पर लागू करना चाहता था। मगर विपक्षी दलों ने एक स्वर से इस पर असहमति जता दी। उनका कहना है कि अभी इलेक्ट्रानिक मतदान मशीन यानी ईवीएम को लेकर उठ रही शंकाओं के समाधान ही निर्वाचन आयोग नहीं कर पाया है, ऐसे में वह घरेलू प्रवासियों के लिए उसी तरह की मशीन से नई मतदान व्यवस्था करने की पहल कैसे कर सकता है।

कुछ नेताओं ने यह तक पूछा कि आयोग मतदान तो कराना चाहता है, मगर प्रवासी मजदूरों के बीच राजनेता अपना प्रचार करने कैसे जाएंगे। इस तरह आरवीएम के व्यावहारिक पहलुओं पर कई गंभीर सवाल खड़े किए गए। जाहिर है, अब इस प्रणाली पर निर्वाचन आयोग के लिए आगे कदम बढ़ाना संभव नहीं होगा। दरअसल, पिछले अनेक चुनावों से देखा जा रहा है कि मतदान को लेकर लोगों में उदासीनता बनी हुई है। हर चुनाव में पिछले चुनाव की तुलना में मत प्रतिशत कुछ कम दर्ज होते हैं। हालांकि निर्वाचन आयोग लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करने का पूरा प्रयास करता है। मगर खासकर शहरी मतदाता में उत्साह नहीं पैदा हो पाता। कई जगहों पर तो पचास फीसद से भी कम मतदान होता है।

इस तरह लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रश्नांकित होती है। पचास फीसद से भी कम मतदान के बावजूद प्रतिनिधि तो निर्वाचित होते ही हैं, सरकार बनती ही है। फिर सवाल उठता है कि वह सरकार किन लोगों ने बनाई है। विचित्र स्थिति तब देखी जाती है जब कम मत प्रतिशत वाले दल की संख्या अधिक हो जाती है और वह सत्ता में आ जाता है और अधिक मत प्रतिशत वाला दल बाहर रह जाता है।

इस स्थिति को समाप्त करना निस्संदेह निर्वाचन आयोग के लिए बड़ी चुनौती है। मगर यह कैसे संभव हो, इसका उपाय वह निकाल नहीं पाया है। उसे लगता है कि अगर प्रवासी लोगों को अपने मतों का प्रयोग करने की सुविधा मिल जाए तो इससे मत प्रतिशत में बढ़ोतरी हो सकती है।

लंबे समय से रेखांकित किया जाता रहा है कि जो लोग कामकाज, पढ़ाई-लिखाई या दूसरी वजहों से अपना घर-बार छोड़ कर दूरदराज जगहों पर रहने को मजबूर हैं, उन्हें भी अपने मताधिकार का उपयोग करने की व्यवस्था की जानी चाहिए। मगर इसका कोई व्यावहारिक रास्ता अभी तक नहीं निकाला जा सका है। पिछले कुछ सालों में ग्रामीण इलाकों से बहुत तेजी से पलायन बढ़ा है। ऐसे में बड़ी संख्या में ऐसे लोग शहरों में रहने लगे हैं, जिनका मतदाता सूची में नाम अपने गृह प्रदेश में है। निर्वाचन आयोग ने इसी के मद्देनजर दूरस्थ मतदान मशीन की व्यवस्था शुरू करने का प्रस्ताव रखा था। इसके तमाम तकनीकी पहलुओं पर उसने विचार भी कर लिया है। अगर यह लागू हो जाती, तो बेशक इससे न सिर्फ मतदान प्रतिशत बढ़ता, बल्कि अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित लाखों लोगों को सुविधा मिल पाती। इस दृष्टि से इस व्यवस्था पर पुनर्विचार की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता।

## हादसे की उड़ान

हवाई यात्रा निश्चित रूप से सुविधाजनक होती है, लेकिन इसके साथ कई आशंकाएं भी मौजूद रहती हैं। रविवार की सुबह नेपाल के पोखरा में अपने गंतव्य पर पहुंचने और सुरक्षित उतरने के महज कुछ पल पहले यही डर सच साबित हो गया, जब यति एअरलाइंस का एक विमान हादसे का शिकार हो गया।

हालांकि मध्य नेपाल के पोखरा शहर में हाल ही में शुरू हुए हवाई अड्डे पर विमान जब उतरने वाला था, तब चंद पल पहले सब कुछ सही लग रहा था और उसके सुरक्षित उतर जाने की उम्मीद थी। मगर अचानक एक झटके में वह वहां स्थित नदी घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में पांच भारतीयों सहित बहत्तर लोग सवार थे, जिनमें खबरों के मुताबिक सभी मुसाफिरों की मौत हो गई। घटनास्थल के बिल्कुल नजदीक ऊंचे भवनों वाला रिहाइशी इलाका है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि अगर विमान उन घरों पर गिरता, तो नुकसान कितना हो सकता था।

नेपाल में विमान के गिरने और इतनी बड़ी तादाद में लोगों के मारे जाने को भी आए दिन होने वाले हादसों में शुमार कर उसी मुताबिक जांच और उसके नतीजे पेश होंगे। लेकिन क्या हादसे के बाद घटना की जांच किसी ऐसे निष्कर्ष तक भी पहुंचती है कि आगे ऐसी त्रासदी से न गुजरना पड़े? नेपाल में हुई ताजा दुर्घटना के बाद विमान का ब्लैक बाक्स मिल गया है और अब उसके जरिए हादसे के कारणों की पड़ताल करने की कोशिश की जाएगी।

लेकिन फिलहाल विश्लेषणों के आधार पर जो अनुमान जताए गए हैं, उसके मुताबिक हादसे के लिए मानवीय भूल, विमान प्रणाली में अचानक आई या पहले से मौजूद खराबी या फिर पायलट की थकान जैसी कुछ वजहें हो सकती हैं। ये आशंकाएं इसलिए भी जताई जा रही हैं कि हवाई पट्टी पर उतरने के ठीक पहले तक विमान बिल्कुल सुरक्षित दिशा में था। सवाल है कि अचानक विमान में ऐसा क्या हुआ कि कुछ पल के भीतर ही सब कुछ तबाह हो गया!

नेपाल में यह कोई पहला हादसा नहीं है। पिछले तीस सालों में इस तरह के अट्ठाईस हादसे हो चुके हैं। जो विमान रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, वह करीब चार दशक पुराने माडल का था। इसके अलावा, दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र, खराब मौसम और कई मामलों में पायलट के पास पर्याप्त अनुभव न होना भी उड़ानों को खतरनाक बनाते हैं।

# क्या विपक्षी दल भाजपा को मात देने में सफल होंगे

**ललित गर्ग**



नया वर्ष शुरू होते ही राजनीतिक दलों की सरगर्मियां भी नए मोड़ पर आने लगी हैं। क्योंकि इस वर्ष 9 राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलंगाना, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं एवं अगले वर्ष लोकसभा के चुनाव। खास तौर से अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य राजनीतिक दलों ने अभी से कमर कसना शुरू कर दिया है। भाजपा ने राजधानी दिल्ली में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक में जिस तरह का जोश और जितना आत्मविश्वास दिखाया, उसे स्वाभाविक ही कहा जा सकता है और माना जा रहा है कि इस वर्ष के विधानसभा चुनावों के साथ-साथ अगल वर्ष के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा चमत्कार घटित करने की तैयारी में है। विपक्षी दलों का उत्साह एवं जोश भी कम नहीं है। केन्द्रीय एवं राष्ट्रीय राजनीति में एक बार फिर राष्ट्रीय दल व क्षत्रप संगठित होते दिख रहे हैं। छोटे-से-छोटा दल भी यह माने बैठा है कि हम ही सत्ता प्राप्ति में संतुलन बिठायेंगे। सरकार कोई बनाए हम कुछ सीटों के आधार पर ही सत्ता की कुर्सी पर जा बैठेंगे। चुनावी गणित जिस प्रकार से बनाने के प्रयास हो रहे है, उसमें क्या तीसरी शक्ति निर्णायक बनने की मुद्रा में आ सकेगी राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का भी इन चुनावों में असर देखने को मिल सकता है। बावजूद इन सब स्थितियों एवं जोड़-तोड़ के राजनीतिक गणित के लगता नहीं है कि केन्द्र में भाजपा की सरकार बनाने में कोई बड़ा अवरोध खड़ा करने में विपक्षी दल सफल होंगे।

दिल्ली में सम्पन्न भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक ने विभिन्न राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी है। पार्टी की यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब न केवल 2024 के लोकसभा चुनाव ज्यादा दूर नहीं हैं, बल्कि उससे पहले नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। इनमें से पांच राज्यों में बीजेपी या तो अकेली या सहयोगी दलों के साथ सरकार में है। इस वर्ष जिन दो राज्यों में विधानसभा चुनाव सम्पन्न हुए हैं, उसमें कोई दो राय नहीं कि गुजरात में पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की, लेकिन हिमाचल प्रदेश में एक फीसदी की जो कसर रह गई, उससे कांग्रेस के हौसले बुलंद हुए है। भाजपा के अपराजेय रहने का लक्ष्य हासिल नहीं करने दिया, जिसकी बीजेपी समर्थक उम्मीद कर रहे थे। ऐसे में अब और जरूरी हो गया है कि उस कसर की भरपाई भाजपा नेतृत्व कार्यकताओं के जोश और उनके मनोबल को कई गुना बढ़ाकर करे। आश्चर्य नहीं कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कार्यकताओं से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि 2023-24 में पार्टी एक भी चुनाव ना हारे। यह जोश भरने का एवं कार्यकताओं को संगठित प्रयास करने का आह्वान पार्टी को कुछ अनोखा करने की भूमिका है।

सत्ता तक पहुंचने के लिए जिस प्रकार दल-टूटन व गठबंधन की संभावनाएं बन रही है इससे सबके मन में अकल्पनीय सम्भावनाओं की सिहरन है। विपक्ष संगठित हो, अच्छी बात है लेकिन इससे राष्ट्र और राष्ट्रीयता के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगने चाहिए। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा क्या राजनीतिक दलों को जोड़ पायेगी नजरें उनकी इस यात्रा में शामिल होने वाले राजनीतिक दलों पर भी लगी है, लेकिन ऐसा कोई दल अभी तक तो सामने नहीं आया है। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने आगामी चुनावों में अकेले लड़ने का ऐलान कर पार्टी की रणनीति साफ कर दी है, वहीं कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर 30 जनवरी को विपक्षी दलों को आमंत्रण देकर नए सिरे से विपक्षी एकता की ताकत आंकने का पासा फेंका है। इतना ही नहीं, दूसरे छोटे-बड़े राजनीतिक दल भी अपने राजनीतिक फायदे के लिए गठजोड़ की राजनीति के गुणा भाग में व्यस्त हो गए हैं। कांग्रेस में एक ओर दांव खेला जा रहा भाजपा के नेता वरुण गांधी को पार्टी में लाने एवं दो भाइयों का राजनीतिक मिलन कराने का। यह भी आगामी चुनावों के मध्यनजर किया जा रहा है। प्रजातंत्र में टकराव भी हो, तो मिलन भी हो। विचार फर्क भी हो तो उद्देश्यों में भी फर्क हो। मन-मुटाव भी हो, पर मयार्दापूर्वक। लेकिन राजनीति की विडम्बना है कि अब मयार्दा एवं राजनीतिक मूल्यों के इस आधार को ताक पर रख दिया गया है। राजनीति में दुश्मन स्थाई नहीं होते। अवसरवादिता दुश्मन को दोस्त और दोस्त को दुश्मन बना देती है। यह भी बडे. रूप में देखने को मिल रहा है और जैसे-जैसे चुनावों का समय नजदीक आयेगा, ये दृश्य व्यापक रूप में दिखाई देंगे। चुनाव के मौकों पर नए समीकरणों के साथ गठबंधन की बातों से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन, अब तक का अनुभव तो यही बताता है कि इन समीकरणों के पीछे विचारधारा का जोड़ कम और राजनीतिक फायदे का तोड़ अधिक नजर आता है। वर्ष 1977 के बाद से गठजोड़ की राजनीति का गवाह रहे देश ने कई समीकरण बनते-बिगड़ते देखे हैं। कभी भाजपा का चौधरी चरण सिंह से गठजोड़, तो कभी कांग्रेस को रोकने के लिए वीपी सिंह के नेतृत्व में भाजपा और वाम दलों का परोक्ष रूप से हाथ मिलाना।

> सत्ता तक पहुंचने के लिए जिस प्रकार दल-टूटन व गठबंधन की संभावनाएं बन रही है इससे सबके मन में अकल्पनीय सम्भावनाओं की सिहरन है। विपक्ष संगठित हो, अच्छी बात है लेकिन इससे राष्ट्र और राष्ट्रीयता के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगने चाहिए। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा क्या राजनीतिक दलों को जोड़ पायेगी नजरें उनकी इस यात्रा में शामिल होने वाले राजनीतिक दलों पर भी लगी है,

भाजपा ने उत्तर प्रदेश में बसपा के साथ मिलाकर सरकार बनाई और जम्मू-कश्मीर में महबूबा मुफ्ती के साथ मिलकर भी सरकार चलाई। पिछले लोकसभा चुनाव में शिवसेना, जनता दल-यू और अकाली दल के साथ मिलकर चुनाव लड़ी भाजपा बदले समीकरणों में अगला चुनाव इनके खिलाफ लड़ सकती है। लेकिन, चिंता इस बात की है ऐसे बनते-बिगड़ते समीकरणों का सीधा मकसद विचारधारा का आधार नहीं, बल्कि सत्ता में भागीदारी करना भर रह गया है। राजनीतिक मूल्यों एवं लोकतंत्र को मजबूती देने का लक्ष्य किसी के भी सामने दिखाई नहीं देता। गठबंधन की राजनीति की शुरूआत में ही टूटन एवं निराशा के बादल छाये हैं। इस बात का आभास कांग्रेस ने 30 जनवरी की श्रीनगर रैली के लिए कुछ विपक्षी दलों को आमंत्रण नहीं भेजा जाना है। न चंद्रशेखर राव की बीआरएस को बुलाया और न वाइएसआर कांग्रेस के जगनमोहन रेड्डी को। कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से भी किनारा किया है, तो एआइएमआइएम और असम की एआइयूडीएफ से भी दूरी बनाई है। वैसे पूर्व के व्यापक राजनीतिक दलों के गठबंधन के गणित भी असफल ही रहे हैं, अब भी कोई व्यापक संभावनाएं सत्ता की लालसा एवं सर्वोच्च पद को लेकर जारी जद्दोजहद के कारण नहीं दिखती।

नरेन्द्र मोदी एवं नड्डा के जोशभरे आह्वान सिर्फ शाब्दिक नहीं, प्रभावी है। संगठन को मजबूती देने की भाजपा की तैयारी ऐसी है, जिस पर भाजपा ने लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करके दिखाया है। भाजपा ने 72,000 कमजोर पाए गए बूथों को मजबूत बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए लक्ष्य से आगे बढ़कर 1.30 लाख बूथों तक पहुंच बना लेना निश्चित चुनावों में करिश्मा दिखायेगी। भाजपा अध्यक्ष का चुनाव न हो पाने की विपक्षी दल चाहे जैसे भी व्याख्या करें लेकिन भाजपा के लिहाज से देखें तो नड्डा की अध्यक्षता को जून 2024 तक का विस्तार देने का फैसला उचित, दूरगामी राजनीतिक सोच एवं परिपक्वता ही कहा जाएगा। जो चुनावी चुनौतियां पार्टी के सामने हैं, उनके मद्देनजर फिलहाल निरंतरता की जरूरत है। एक और बात है कि भाजपा ने दुनिया में देश की छवि को बुलंद करने का अपना मुख्य उद्देश्य काफी हद तक बनाए रखा है। राममंदिर के समय पर निर्माण में कामयाबी भी भाजपा के पक्ष में काम करेगी और पार्टी अगले लोकसभा चुनाव में इसका पूरा इस्तेमाल करने में हिचकेगी नहीं। भाजपा की ओर से विकास, रोजगार एवं महंगाई पर नियंत्रण भी बड़े मुद्दे हांगे। प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता को अब भी पार्टी अपना ऐसा अचूक हथियार मानती है जिसकी कोई काट विपक्ष के पास नहीं है। क्या विपक्षी दल भी ऐसे तीक्ष्ण एवं व्यापक प्रभाव वाले निर्णयों एवं कार्ययोजनाओं की ओर अग्रसर होंगे क्या सपा, बसपा और वाम दल कांग्रेस से मंच साझा करेंगे और ऐसा किया तो क्या भाजपा को रोकने के लिए वे साझा उम्मीदवार उतारेंगे यह सवाल इसलिए, क्योंकि राजनीति की प्रयोगशाला में गठबंधन के प्रयोग विचारधारा को ताक में रखने के कारण ही विफल होते रहे हैं।

प्रेषकः

# राजस्थान में कांग्रेस को मिटाना होगा आपसी झगड़ा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान में दिसंबर महीने में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी पूरी तरह चुनावी मूड मे लग रही है। प्रदेश में 18 दिनो तक चली राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा के बाद कांग्रेस संगठन भी सक्रिय हो गया है। कांग्रेस के नए प्रदेश प्रभारी बने सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पद संभालते ही प्रदेश कांग्रेस में लम्बे समय से रिक्त पड़े संगठन के पदों पर नियुक्तियां करवानी प्रारंभ करवा दी है। जिससे कांग्रेस संगठन में हलचल होने लगी है। लम्बे समय से सुस्त पड़े कांग्रेस कार्यकर्ता भी अब तरोताजा लग रहें हैं।

प्रदेश प्रभारी रंधावा ने जहां प्रदेश कांग्रेस के रिक्त पड़े सभी 400 ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों में से अधिकांश ब्लॉक अध्यक्षों का मनोनयन करवा दिया है। वहीं पहली बार मंडल इकाई का भी गठन करवाया जा रहा है। यह कांग्रेस में एक नई शुरूआत है। इससे बड़ी संख्या में कार्यकताओं को संगठन में पदाधिकारी बनाया जा सकेगा। जिससे कार्यकर्ता पार्टी प्रत्याशी के साथ जुट कर चुनाव में काम करेगें।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा समाप्त होने के बाद 27 जनवरी से प्रदेश कांग्रेस कमेटी एक नया कार्यक्रम हाथ जोड़ो अभियान चलाएगी। 18 दिसंबर को अलवर के मालाखेड़ा में भारत जोड़ो यात्रा के तहत आयोजित जनसभा में राहुल गांधी ने कहा था कि मुझे भाजपा वाले बुरे नहीं लगते हैं। मैं रास्ते में जाता हूं तो इशारा करके पूछते हैं कि क्या कर रहे हो मैं उन्हें जवाब देना चाहता हूं कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा हूं। आइए आप भी बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलिए। महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल, अंबेडकर साहब ने भी मोहब्बत की दुकान खोली थी। राहुल गांधी के भाषण की इन लाइनों को अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी घर-घर पहुंचाने का काम करेगी। इसके लिए पार्टी ने काम शुरू कर दी है। कांग्रेस पदाधिकारी घर-घर जाएंगे और लोगों से सीधे बात करेंगे।

इसी अभियान के तहत राहुल गांधी के पत्र हर घर तक पहुंचाए जाएंगे। राहुल गांधी का व्यक्तिगत पत्र प्रदेश के हर घर में पहुंचाने के लिए पार्टी पदाधिकारियों को टास्क दे दिया गया हैं।

अगले दो महीने में प्रदेश के हर कोने तक राहुल गांधी के इस संदेश को लोगों को तक पहुंचाया जाएगा। इस अभियान की निगरानी के लिए प्रदेश में वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षकों बनायाा गया है। बताया जा रहा है कि ये पत्र घर जाकर दिया जाएगा ताकि जनता से सीधा संवाद भी हो और उनकी परेशानी व मुद्दों को सुना जाए। इस कार्यक्रम के लिये आयोजित होने वाली पदयात्रा दो महीने तक गांवों में रहेगी। एक महीने में सभी पॉलिंग बूथ कवर किए जाएंगे। हर गांव में मीटिंग होंगी। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर संदेश लेकर जाएंगे। पत्र में राहुल गांधी के संदेश के साथ मोदी सरकार की नाकामियां भी बतायी जायेगी। गांवों में यात्रा का वीडियो भी दिखाया जाएगा। हर गांव के ग्रुप भी बनेंगे। गांवो में युवक कांग्रेस व एनएसयूआई बाइक रैली निकालेंगी। जिला स्तर पर कार्यकर्ता मेला लगाया जाएगा। इसमें प्रदेशाध्यक्ष, मुख्यमंत्री व वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। प्रदेश स्तर पर महासंगम होगा। कांग्रेस महारैली का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य बड़े नेता आएंगे।

राजस्थान का बजट भी इस बार अलग हट कर होगा। माना जाता है कि राजस्थान का बजट पूरे देश को रास्ता दिखाता है। राजस्थान में सरकारी कर्मचारियों के लिये फिर से पुरानी पेंशन योजना लागू करने के बाद कांग्रेस शासित व अन्य कई राज्यों ने भी इस योजना को लागू करने की घोषणा कर दी है। इसके अलावा आने वाले बजट में प्रदेश को बहुत कुछ खास मिलने वाला है। कांग्रेस का बजट आम आदमी का बजट होता है। राहुल गांधी की यात्रा के दौरान राजस्थान सरकार द्वारा गरीब परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की जा चुकी है।

चुनावी वर्ष में प्रशासन को भी और अधिक सक्रिय किया जा रहा हैं। सियासी तापमान नापने के लिए सभी जिला कलेक्टर और मंत्री भी जल्द ही गांव-कस्बों में महीने में दो बार जन सुनवाई कर रात्रि चैपाल लगाएंगे। चुनावी वर्ष में गुड गवर्नेंस को प्रभावी बनाने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर ऐसा होने जा रहा है। जिलों में जहां भी संभव होगा मंत्रियों-कलेक्टरों की मीटिंग्स को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जयपुर स्थित सचिवालय से भी जोड़ा जाएगा। जिससे समस्याओं को हाथों-हाथ ही निपटाया जा सके।

इस विषय में जयपुर के ओटीएस में चिंतन शिविर का आयोजन होगा। चिंतन शिविर की मुख्य थीम ही गुड गवर्नेंस हैं। शिविर में सभी बजट घोषणाओं और घोषणा पत्र में किए गए वादों पर ही सभी मंत्रियों को प्रजेंटेशन देना है। इस में मंत्री बीते चार वर्षों में घोषणाओं पर अब तक हुए काम को बताएंगे और शेष रही घोषणाओं को कब तक पूरा करेंगे इस विषय में अपना प्लान साझा करेंगे। इसका उद्देश्य प्रशासनिक मशीनरी को कसने के साथ ही सरकार के परफोर्मेंस के बारे में राजनीतिक फीडबैक भी जुटाना है। कुछ महीने बाद सरकार के सामने विधानसभा चुनाव आने वाले हैं। ऐसे में कलेक्टर-मंत्रियों के जरिए मिलने वाला फीडबैक मददगार साबित हो सकता है।

राजस्थान में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। मगर कांग्रेस में नेतृत्व का असमंजस बना हुआ है। हालांकि चुनावी वर्ष को लेकर कांग्रेस ने कार्य शुरू कर दिया है। इसके बावजूद नेतृत्व के स्तर पर स्थितियां साफ नहीं होने से कांग्रेस में अंदरूनी स्तर पर असमंजस और खींचतान बनी हुई है। इसका असर कार्यक्रमों और तैयारियों पर देखने को मिल रहा है। कांग्रेस में मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच लड़ाई जगजाहिर हो चुकी है। दोनों की यह लड़ाई जुलाई 2020 में हुई बगावत के बाद से लगातार चल रही है। वहीं 25 सितम्बर 2022 को हुई इस्तीफा पॉलिटिक्स के बाद यह और गहरा गई।

पार्टी आलाकमान ने इस मसले पर अभी तक कोई निर्णय नहीं किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पार्टी के लिये गहलोत और पायलट दोनों को जरूरी बता रहे हैं। अशोक गहलोत 2023 के अंत तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे या चुनाव से पहले सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाया जायेगा। यह स्थिति अभी साफ नहीं हुई है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि पार्टी इस असमंजस के हालातों में ही खुद को सबसे बेहतर स्थिति में देख रही है।

# राहत की बात

बजट से पहले यह सरकार के लिए निस्संदेह बड़ी राहत की बात है कि महंगाई की दर नीचे की तरफ उतरनी शुरू हो गई है।

पिछले हफ्ते दिसंबर में खुदरा महंगाई दर घट कर 5.72 फीसद पर रहने के आंकड़े आए थे। अब थोक महंगाई के 4.95 फीसद पर होने का आंकड़ा आया है। रिजर्व बैंक ने कहा था कि अगर महंगाई की दर छह फीसद तक सिमट जाती है, तो विकास दर में जल्दी सुधार शुरू हो जाएगा।

इस लिहाज से अर्थव्यवस्था के लिए यह उत्साहजनक संकेत है। पिछले दो महीनों से थोक और खुदरा दोनों स्तरों पर महंगाई का रुख नीचे की तरफ बना हुआ है। पिछले साल इसी महीने थोक महंगाई 14.27 फीसद थी। यहां तक कि इस साल नवंबर में यह दर 5.85 फीसद थी। ताजा आंकड़ों में बताया गया है कि थोक महंगाई की दर में गिरावट मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पादों, वस्त्रों और रासायनिक उत्पादों की कीमतों में नरमी के कारण दर्ज की गई। रिजर्व बैंक के लिए यह राहत की बात इसलिए है कि खुदरा महंगाई की दर बढ़ नहीं रही। यानी उसके मौद्रिक उपाय कारगर साबित हो रहे हैं। मगर अब भी ग्रामीण महंगाई दर छह फीसद से ऊपर बनी हुई है। थोक महंगाई दर में गिरावट का अर्थ है कि भारी उद्योगों में कुछ गति लौटेगी। अभी विकास दर में भारी उद्योगों का योगदान उत्साहजनक नहीं है। उसकी कई वजहों में से एक वजह महंगाई भी है। महंगाई बढ़ने से वस्तुओं के उत्पादन की लागत बढ़ जाती है, जिसका स्वाभाविक असर खुदरा व्यापार पर पड़ता है। अभी खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें नीचे आ चुकी हैं, जिसकी वजह से खुदरा महंगाई की दर छह फीसद से नीचे



आ सकी है।

यह फलों, सब्जियों और कई अनाजों के उत्पादन का मौसम है। सब्जियों की पैदावार अच्छी होने की वजह से इनकी कीमतों में कमी आई है। फिर कच्चे तेल और ईंधन की कीमतें न बढ़ने की वजह से ढुलाई का खर्च नहीं बढ़ सका है। इस तरह महंगाई लोगों की सहनशक्ति के नीचे बनी हुई है। संभव है, मौसम बदलने के बाद खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें बढ़ें और खुदरा महंगाई की दर भी बदले, मगर अगले महीने तक ऐसी किसी स्थिति की आशंका नहीं है।

महंगाई दर घटने से एक तो रिजर्व बैंक पर ब्याज दरें बढ़ाने का दबाव कम हो गया है। दूसरे, आम लोगों को निवेश के मामले में जो अपने हाथ रोकने पड़ रहे थे, वे कुछ खुलेंगे। स्वाभाविक ही, इससे बाजार में पैसे की तरलता कुछ बढ़ेगी। मगर फिर भी महंगाई की दर में संतुलन बनाए रखने के लिए सरकार के सामने चुनौतियां अभी खत्म नहीं हुई हैं।

मौसमी उत्पादन की वजह से बेशक खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें काफी कम हो गई हैं, मगर अंतरराष्ट्रीय बाजार में महंगाई का जो वातावरण बना हुआ है, उसका असर आयात की जाने वाली वस्तुओं पर बना रहेगा। इसलिए निर्यात के मोर्चे पर बेहतरी के प्रयास का दबाव सरकार पर अब भी बना हुआ है। निर्यात नहीं बढ़ेगा, तो भारी उद्योगों में अपेक्षित गति नहीं लौटेगी।

आर्थिक विकास में चूंकि भारी उद्योगों का योगदान अधिक महत्त्व रखता है, इसलिए सरकार का जोर उसे बेहतर बनाने पर अधिक है। फिर महंगाई को सहनशील स्तर पर बनाए रखने में लोगों की क्रयशक्ति का बड़ा योगदान होता है। यह तभी बढ़ती है, जब लोगों की कमाई बढ़ती है। इस मोर्चे पर सरकार को अभी बहुत कुछ करना है।

## फटाफट खबरें

### भाजपा ने एमएलसी जिताने की बनाई रणनीति



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** इलाहाबाद झांसी शिक्षक एमएलसी चुनाव की बाबत भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में हुई बैठक में एमएलसी प्रत्याशी डॉ बाबूलाल तिवारी को जिताने की रणनीति बनाई गई।

बुधवार को चित्रकूट इंटर कालेज परिसर में हुई बैठक में भाजपा शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी डॉ बाबूलाल तिवारी के समर्थन में कालेज के शिक्षकों से जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने मतदान की अपील की। खरे ने कहा कि शिक्षकों की समस्यायें के समाधान को भाजपा संकल्पित है। सीआईसी के प्राचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने कहा कि बाबूलाल तिवारी को सभी शिक्षक समर्थन देकर विजयी बनायें। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने शिक्षक संवाद का संचालन करते हुए कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के पुर्ननिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। भाजपा सरकार शिक्षा, शिक्षक, शिक्षार्थी व शिक्षालयों के कायाकल्प को संकल्पबद्ध है।

बैठक में जिला चुनाव संयोजक जगदीश गौतम, जिला उपाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, महामंत्री अश्वनी अवस्थी, पंकज अग्रवाल, अंजू वर्मा, हीरो मिश्रा, राजीव त्रिपाठी, भागवत त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष आशीष पाण्डेय, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, अभिषेक ओझा, दिव्या त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी व शिक्षकगण मौजूद रहे।

### आवारा पशुओं को छोड़ने वालों पर होगी कार्यवाही : डीएम



**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों की सम्मान निधि न आने, ज्यादा गन्ने वालों की कम पर्ची आने तथा समितियों पर एनपीके डीएपी न मिलने एवं आवारा पशुओं की समस्याओं के संबन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने किसानों की न्यायोचित समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने सहित किसानों की विभिन्न दिक्कतों के त्वरित निराकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये।

जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किसानों को अवगत कराया कि किसानों की समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु हर संभव प्रयास किया जायेगा। फर्टिलाइजर की कमी के संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि एनपीके, डीएपी एवं यूरिया की सहकारी समितियों पर पर्याप्त उपलब्धता है तथा उर्वरक की आपूर्ति के संबंध में लगातार शासन के संपर्क में हैं। जिन सहकारी समितियों पर भंडार खराब है जिलाधिकारी ने कहा कि बराबर वाली समितियों पर खाद पहुंचा दी जाये ताकि किसानों को किसी प्रकार की खाद लेने में कोई समस्या न हो। विद्युत संबंधी शिकयतों के संबंध में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता एवं जेई को मिलकर निस्तारण कराने के निर्देश दिए हैं। किसान सम्मान निधि से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि एक हेल्पलाइन नम्बर जारी कर दें, ताकि किसान अपनी समस्याओं को अवगत करा सके। जिलाधिकारी ने किसानों से कहा कि यदि कोई समस्या है तो वह कार्यालय में आकर भी सीधे अवगत करा सकते हैं।

डीएम ने आवारा पशओं की समस्या पर किसानो को बताया कि हर ब्लाक पर दो-दो गौशालये बनाये जाने की प्रक्रिया चल रही है और इसको जल्द ही बढ़ाया जायेगा। उन्होंने बताया कि ठाकुरद्वारा और कांठ में भी गौशाला बन रही है। उन्होंने बताया कि पशुओं को आवारा छोड़ने वालों पर भी कार्यवाही की जायेगी। साथ ही हर ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वे कराकर एक रजिस्ट्रर बनाया जायेगा, जिसमें हर घर में मौजूद पशुओं की संख्या का विवरण होगा।

किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, ए-आर कॉपरेटिव, जिला उद्यान अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर, चकबंदी अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### बीजेपी की सरकार को हटाने के लिए सपा कार्यकर्ता कार्य करें : शिवपाल यादव

**मऊ।** समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री शिवपाल यादव का मऊ जनपद आगमन पर जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। शिवपाल यादव के अपनी पार्टी को समाजवादी पार्टी में विलय करने के बाद में मऊ जिले में प्रथम आगमन पर सपा कार्यकताओं में जबरदस्त जोश देखने को मिला। स्वागत से अभिभूत सपा कार्यकताओं द्वारा जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवपाल यादव ने कहा कि बीजेपी की सरकार गरीबों और किसानों को भिखारी बनाना चाहती है। इसे गरीबों से कोई लेना देना नहीं है, वह सिर्फ चंद पूंजीपतियों के हाथ में देश की संपत्ति बेच रही है।

शिवपाल यादव को निवर्तमान जिलाध्यक्ष दूधनाथ यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं और नेताओं ने आजमगढ़ बार्डर से रिसीव किया। इस दौरान उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। यहां से गाड़ियों का लंबा काफिला मुहम्मदाबाद गोहना पहुंचा, जहां विधायक राजेन्द्र कुमार, जिला महासचिव कुद्दूस अंसारी, विधानसभाध्यक्ष अमान अहमद के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। खुरहट में पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मप्रकाश यादव और पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष अंशा यादव, छात्र नेता लालबहादुर यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्तों ने भव्य स्वागत किया। खुरहट में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवपाल यादव ने कहा कि बीजेपी की तानाशाही सरकार को हटाने के लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करना होगा वरना यह सरकार आम आदमी को भिखारी बनाने पर तुली हुई है।

# लोनिवि परिसर पर टिकी भू-माफिया की निगाहें

## 0 तीन बीघा 19 बिस्वा बेशकीमती भूमि को प्रशासन करार दे रहा नजूल भूमि

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय स्थित लोनिवि परिसर की भूमि बाबत नया खुलासा हुआ है। ये भूमि राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 112 में तीन बीघा 19 बिस्वा जमीदार के नाम दर्ज बताई जा रही है। इसे जिला प्रशासन नजूल की भूमि बता रहा है, जबकि जमीदार ने ये भूमि किसी अन्य व्यक्ति को लिख रखी है। इस भूमि पर जिले के भू-माफियाओं ने निगाहें गडा दी हैं।



ट्राफिक चैराहा स्थित लोनिवि परिसर की भूमि बाबत बुधवार को नया खुलासा हुआ है। बताया गया कि आजादी से पहले इस भूमि को मराठों ने अंग्रेजों को सौंपी थी। अंग्रेजों ने 1948 में आजादी के बाद ये भूमि जमीदार को जेरे इंतजाम सौंपा था। इस भूमि में लोनिवि का विश्राम गृह बना था। इस विश्राम गृह में आजादी से पहले और आजादी के बाद महात्मा गांधी दो बार ठहरे थे। इस भूमि के ऐतिहासिक प्रमाण मिलते हैं। इसके बाद भी इस 112 गाटा संख्या की तीन बीघा 19 बिस्वा भूमि को जमीदार ने किसी अन्य व्यक्ति के नाम लिख रखी है। जिला प्रशासन इस भूमि को नजूल की भूमि करार दे रहा है। क्या सत्य है क्या असत्य है, इसका खुलासा जल्द किया जायेगा।

फिलहाल इस भूमि पर एक बहुचर्चित स्कूल संचालक व एक व्यापारी नेता ने निगाहें गडा दी हैं। इस भूमि को लेकर जिले में घमासान होने के आसार बताये जा रहे हैं। वास्तव में ये भूमि जिला पंचायत के कब्जे में होनी चाहिए, क्योंकि जब जिला परिषद हुआ करता था, तब इस भूमि का किराया जिला परिषद में जमा होता था। इस बात के भी पुख्ता सबूत मिलते हैं। फिलहाल जिला मुख्यालय की बेशकीमती इस भूमि पर भू-माफियाओं की निगाहें गड गई हैं। भू-माफिया इसे किसी भी सूरत से हथियाने की फिराक में जुट गये हैं। भू-माफिया एवं बहुचर्चित स्कूल संचालक पर जब तक प्रशासन गम्भीर कार्यवाही नहीं करता, तब तक ये भूमि सुरक्षित नहीं मानी जा सकती। लोगों ने स्कूल संचालक भू-माफिया को जल्द गैंगेस्टर आदि मामलों में जेल भेजने की जिला प्रशासन से मांग की है। ये भू-माफिया शहर के स्टेशन रोड में प्राधिकरण से बिना नक्शा पास कराये बहुमंजिली इमारत बनवा रहा है। चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के जेई आनन्द प्रकाश द्विवेदी ने भू-माफिया की हरकतों को लेकर हाथ खडे कर लिए हैं। उन्होंने बताया कि भू-माफिया के खिलाफ कोतवाली कर्वी में काम रुकवाने बाबत पत्र भेजा है। कोतवाली पुलिस भी भू-माफिया से दुरभिसंधि कर ली है। इसके चलते भू-माफिया बहुमंजिली इमारत पर्दे लगाकर अन्दर-अन्दर पूरी बनवा रहा है। कोतवाली पुलिस भू-माफिया का काम रोकने में अक्षम प्रतीत हो रही है।

## आरक्षण खत्म करने पर भाकपा सडक से संसद तक लडेगी लडाई: अमित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकपा के जिला सचिव का अमित यादव ने प्रान्तीय आवाहन पर सैकडों कार्यकताओं के साथ जुलूस निकालकर आरक्षण खत्म करने की साजिश बन्द करो के नारे लगाते हुए बेरोजगारों को रोजगार दो, महंगाई कम करो, इंकलाब जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन सभा की।



बुधवार को तहसील मुख्यालय में हुई सभा की अध्यक्षता का कमलेश प्रसाद ने की। का अमित यादव ने कहा कि 11 से 17 जनवरी तक आरक्षण बचाओ, रोजगार बचाओ, भाजपा हटाओ अभियान के तहत पूरे जिले में पर्चे बांटकर नुक्कड सभाकर चैपाल से सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के समक्ष रखकर जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। जिले के सभी नेता कमर कसकर जनता के बीच पहुंचे। भारत के संविधान जाति, धर्म, लिंग, भाषा के आधार पर किसी भी वर्ग में भेद नहीं करता। उन्होंने कहा कि बीजेपी व आरएसएस की सत्ताधारी सरकार आदमी और महिला के बीच खाई बढा रही है। प्रदेश के निकाय चुनाव में प्रदेश सरकार की आरक्षण विरोधी नीति जाहिर हो गई है। भाजपा और संघ आरक्षण को समाप्त करना चाहते हैं। भाजपा सरकारों ने कारखाने बन्द कर दिये या प्राइवेट कम्पनियों को सौंप दिये। लाखों लोगों को सरकारी नौकरी में नहीं भरा जा रहा। ठेके पर नौकरी दी जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रतिवर्ष दो करोड लोगों को नौकरी देने का वायदा किया था।

उन्होंने चेताया कि भाजपा के आरक्षण खत्म करने पर भाकपा सडक से लेकर संसद तक संघर्ष को कमर कस चुकी है। इस मौके पर का रविकरन, का संदीप पाण्डेय, का विनोद पाल, का राजेन्द्र कुमार, का दादूराम आदि ने सम्बोधित किया। सभा के बाद राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार राकेश पाठक को सौंपा गया। ज्ञापन देने में हनुमान, संजय प्रधान, रामशरण, प्रद्युम्न कुमार, रेवतीरमण, गोपी, शिवपुराण, रामसागर, राजधर, शिवनरेश, गुलाब, राजकरन यादव आदि शामिल रहे।

## मंडी में पेट्रोल डाल लगाई आग, दस लाख की क्षति

### मंडी को हटाने की मंशा से लगाई आग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीतापुर स्थित सब्जी मंडी में देर रात संदिग्ध दशा में आग लगने से पांच दुकानें स्वाहा हो गई। आग से तकरीबन दस लाख की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। अग्निशमन टीम ने कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि पेट्रोल अथवा किसी पदार्थ से मंडी में आग लगाई गई है। कुछ लोग मंडी को यहां से हटाना चाहते हैं।



मंगलवार को देर रात सीतापुर स्थित सब्जी मंडी में अग्निकांड हुआ। बताया गया कि सवेरे रोज सब्जी मंडी लगती है। यहां तकरीबन एक दर्जन स्थायी सब्जी दुकानदार जाकर सब्जियां बेंचकर लौट जाते हैं। धर्मनगरी क्षेत्र के ज्यादातर लोग यहीं से प्रतिदिन हरी सब्जियां खरीदते हैं। ये सब्जी मंडी कुछ लोगों की निजी जमीन पर चल रही है।

बताते हैं कि यहां से मंडी को हटाने के प्रयास जारी हैं, क्योंकि यह कीमती भूमि मुख्य मार्ग के किनारे होने से व्यवसाय के योग्य है। इसीलिए मंडी में आग लगाई गई है। मंगलवार देर रात मंडी में आग की लपटे कई दुकानों में तेजी से उठीं। यह देखते ही दुकानदार तेजी से दौडे। आनन-फानन में पुलिस चैकी के साथ अग्निशमन टीम को सूचना दी गई। करीब एक घंटे बाद पहुंची अग्निशमन टीम ने दुकानदारों की मदद से आग पर काबू पाया। इस दौरान अफजल, ईश्वरी, शमीम, मुबीन, अफरीदी आदि दुकानदारों की दुकानों में रखे आलू, प्याज, अदरक, इमली, मटर, लहसुन, चुकन्दर आदि सब्जियां जलकर स्वाहा हो गई। दुकानदारों के मुताबिक अग्निकांड से आठ से दस लाख की क्षति हुई है। बुधवार को सवेरे जानकारी मिलने पर सपा सदर विधायक अनिल प्रधान सब्जी मंडी पहुंचे। उन्होंने दुकानदारों से घटना की जानकारी ली। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि ज्वलनशील पदार्थ से सब्जी मंडी में आग लगाई गई है। इसकी जांचकर कार्यवाही होनी चाहिए। सीतापुर सब्जी मंडी में लगी आग की घटना का व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने जायजा लेकर व्यापारियों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन से व्यापारियों को मदद दिलाई जायेगी।

## यादव समाज ने सत्यम यादव का किया जोरदार स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुन्देलखण्ड के गौरव सत्यम यादव के युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर यादव समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। सत्यम यादव ने समाज की हर प्रकार से लडाई लडने का भरोसा दिया। जिले की सीमा पर यादव समाज के भीमराज यादव, विद्यासागर यादव, मनोज यादव, मंगल सिंह यादव, सत्येन्द्र यादव, पवन यादव, रामनारायण, यशवंत सिंह आदि ने स्वागत किया।



बुधवार को पदाधिकारियों की चयन प्रक्रिया में बुन्देलखण्ड की शान युवा दिलों की धडकन यदुवंश के गौरव सत्यम यादव के युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर उनके चित्रकूट में प्रथम आगमन पर यादव समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। सत्यम यादव ने कहा कि अपने समाज के लोगों की हर प्रकार से लडाई लडेंगे।

उन्होंने यादव समाज के लोगों को भरोसा दिया कि जिस ढंग से लोगों ने उन पर भरोसा किया है, वे किसी के भरोसे को टूटने नहीं देंगे। समय पडने पर सभी लोगों की मदद के साथ हर प्रकार की लडाई लडी जायेगी।

## आज आयेगी स्वामी विवेकानन्द संदेश यात्रा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वामी विवेकानन्द के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने एवं राष्ट्रोत्थान की दिशा में विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी उप्र संदेश यात्रा का आगमन 19 जनवरी को हो रहा है।

बुधवार को विवेकानन्द संदेश यात्रा के जिला संयोजक अर्चन ने बताया कि लखनऊ वाया प्रयागराज से ये संदेश यात्रा जिले के राजापुर में शाम चार बजे पहुंचेगी। जिले में दो दिवसीय प्रवास में शोभा यात्रा, योग प्राणायाम एवं स्वामी विवेकानन्द पर विमर्श के कार्यक्रम होंगे। अर्चन ने बताया कि यात्रा के पहले दिन तुलसी चैक राजापुर, नांदिन चैराहा पहाडी एवं शाम साढे छह बजे ट्राफिक चैराहा में विभिन्न संगठन जोरदार स्वागत करेंगे। दूसरे दिन योग प्राणायाम के कार्यक्रम के बाद बिहारी चैक कामतानाथ मन्दिर प्रमुख द्वार से शोभा यात्रा शुरू होगी।

उन्होंने बताया कि शोभा यात्रा में विवेकानन्द की मूर्तियुक्त भव्य रथ का जिले में भ्रमण होगा। शोभा यात्रा का गायत्री शक्तिपीठ, रामघाट, सीतापुर, बेडीपुलिया, शिवरामपुर एवं भरतकूप में स्वागत निर्धारित है। प्रदेश में ये यात्रा विवेकानन्द जयंती 12 जनवरी से प्रत्येक जिले में भ्रमण कर रही है। यात्रा संयोजक अर्चन ने बताया कि बीस जनवरी को भारत जननी परिसर अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान रानीपुर भट्ट में दोपहर 12 बजे विवेकानन्द पर केन्द्रित विमर्श होगा। संदेश यात्रा के सफल आयोजन को चार समितियां गठित की गई हैं। जिसमें यात्रा समिति, व्यवस्था समिति, योग प्राणायाम समिति एवं विमर्श समिति शामिल है।

## मां कालिका देवी चैलेंज कप में बदौसा की शानदार जीत



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सदर ब्लॉक के पुरवा तरौहां में मां कालिका देवी स्पोर्ट ग्राउंड क्रिकेट चैलेंज कप के लीग मैच मे श्री राम स्पोर्टिंग क्लब बदौसा ने पुरवा तरौहां की टीम को 104 रन से हराकर करारी शिकस्त दी। मैच की शुरूवात मुख्य अतिथि/पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवशंकर यादव ने खिलाड़ियो से परिचय लेकर कराया। बुधवार को विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सुभाष चंद्र मिश्र, गोरेलाल गौतम, मोहनलाल प्रधान, रमाकांत त्रिवेदी, मेराज सिद्दीकी, संतोष यादव की मौजूदगी में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बदौसा टीम ने 15 ओवर में 155 रन बनाये। बदौसा के शालू और अमित ने 27-27 रन बनाये। विजय ने 20 रन बनाये। पुरवा तरौहां के लोकनाथ और भोला ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुरवा तरौहां टीम की शुरूवात बेहद खराब रही। शून्य स्कोर पर दो विकेट गिर गये। बदौसा की घातक गेंदबाजी के आगे पुरवा तरौहां टीम मात्र 51 रन ही बना सकी और मुकाबला 104 रन से हार गई। बदौसा के खिलाड़ी अमित को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अभिषेक त्रिपाठी और अरविंद जोशी ने दिया। अंपायर अनीश वाजपेयी, सहदेव यादव, कॉमेंटेटर पुनीत बाजपेयी, इब्रान खान, स्कोरर सत्यनारायण और रमेश मिश्रा रहे। सहयोगी के रूप में अजय यादव, गौरव मिश्रा, शरीफ खान, गोपाल मिश्रा, ललित त्रिपाठी, अतुल त्रिवेदी, हिमांशु, ललित, अंकुर समेत दर्शक मौजूद रहे। दूसरा मुकाबला कालूपुर और मछली मंडी कर्वी के बीच खेला जा रहा है। मीडिया मैनेजर पवन मिश्रा ने बताया कल 10.30 बजे से बरवार और धाता के बीच मैच खेला जाएगा।

## पाकिस्तान से प्रमुख गैर नाटो सहयोगी देश का दर्जा छिनने के आसार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सांसद एंडी बिग्स ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी के रूप में पाकिस्तान की मान्यता समाप्त करने संबंधी विधेयक (एचआर 80) पेश किया है। इसमें इस्लामाबाद को कुछ शर्तों के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति से वार्षिक प्रमाणीकरण की आवश्यकता का प्रावधान है। एंडी बिग्स अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में एरिजोना के पांचवें कांग्रेशनल जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस विधेयक को अमेरिकी राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से पहले हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी को भेजा गया है।

इस विधेयक में कहा गया कि पाकिस्तान को यह साबित करना होगा कि उसने हक्कानी नेटवर्क के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ कार्रवाई में तेजी दिखाई है और उसके खिलाफ सैन्य अभियान चला रहा है। पाकिस्तान को आतंकियों को पनाह नहीं देनी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय इसको लेकर पाकिस्तान को प्रमाणित करेगा।

## पांच दिन में दूसरा हमला, मेलबर्न के शिव विष्णु मंदिर में हुई तोड़फोड़

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में पांच दिन के भीतर दूसरे मंदिर पर खालिस्तान समर्थकों ने हमला किया है। इस बार मेलबर्न के ऐतिहासिक शिव विष्णु मंदिर पर हमला करके तोड़फोड़ की गयी है।




इससे पहले मेलबर्न के ही स्वामी नारायण मंदिर में 12 जनवरी को तोड़फोड़ की गयी थी। मंदिर की दीवारों पर हिंदुस्तान मुर्दाबाद के नारे लिखने के साथ आतंकी भिंडरावाले की 'शहीद' के रूप में प्रशंसा लिखी गयी थी। खालिस्तान समर्थकों के इस हमले को लेकर ऑस्ट्रेलिया के हिंदू समुदाय में आक्रोश देखा गया था। अब पांच दिन के भीतर ही ऑस्ट्रेलिया के दूसरे हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया है। इस बार भी मेलबर्न शहर में ही स्थित शिव विष्णु मंदिर में तोड़फोड़ की गयी है।इस घटना के बाद हिंदू काउंसिल ऑफ ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया चेप्टर के अध्यक्ष मकरंद भागवत ने कहा कि खालिस्तान समर्थकों द्वारा लगातार दूसरे हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ किया जाना दुखद व दुर्भाग्यपूर्ण है। हम इस मसले को प्रशासन के सामने उठाएंगे। मेलबर्न हिंदू कम्युनिटी के सदस्य सचिन महाते ने कहा कि खालिस्तान समर्थकों द्वारा शांतिपूर्ण हिंदुओं को परेशान किया जाना दुखद है। यह स्थिति समाप्त होनी चाहिए।

## वियतनाम के राष्ट्रपति का इस्तीफा, राजनीति से संन्यास का भी ऐलान

**हनोई।** वियतनाम के राष्ट्रपति गुयेन जुआन फुक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसी के साथ ही उन्होंने राजनीति से संन्यास लेने का भी ऐलान किया है। फुक ने यह फैसला उस समय लिया है, जब उन्हें राष्ट्रपति पद से बर्खास्त किये जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से वियतनाम के सत्ता अधिष्ठान में बवंडर मचा हुआ था। राष्ट्रपति गुयेन जुआन फुक के बारे में कहा जाने लगा था कि उन्होंने अपनी पार्टी का भरोसा खो दिया। अटकलें लग रही थीं कि जनवरी में सरकार से दो उपप्रधानमंत्रियों की बर्खास्तगी के बाद राष्ट्रपति अपना पद छोड़ देंगे। इन दोनों उपप्रधानमंत्रियों ने उनके अधीन काम किया था। इस बीच राष्ट्रपति को बर्खास्त किये जाने की बातें भी कही जाने लगी थीं। इसके पीछे उनकी पार्टी की आंतरिक वजहों को मुख्य कारण बताया जा रहा था।



इस बीच राष्ट्रपति गुयेन जुआन फुक ने अचानक इस्तीफे का ऐलान कर दिया। उनकी पार्टी की केंद्रीय समिति के हवाले से जानकारी दी गयी कि फुक ने अपने सभी निर्धारित पदों से इस्तीफा देने के साथ राजनीति से संन्यास लेने की बात भी कही है। 68 वर्षीय फुक दो साल से भी कम समय से राष्ट्रपति का दायित्व संभाल रहे थे। इससे पहले 2016 से 2021 के बीच वे देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए खूब काम किये थे। अब उनके इस्तीफे के बाद अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी जगह कौन लेगा। वैसे उनका इस्तीफा अभी प्रभावी नहीं हुआ है। राष्ट्रपति के इस्तीफे की मंजूरी के लिए नेशनल असेंबली की स्वीकृति जरूरी है। माना जा रहा है कि जल्द ही नेशनल असेंबली की बैठक बुलाई जाएगी।

# अफगानिस्तान में तालिबानः सार्वजनिक फांसी, स्टेडियम में भीड़ के सामने काटे चार लोगों के हाथ

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान ने सार्वजनिक रूप से सजा के साथ सजा देने का तरीका भी बदल दिया है। बीते दिनों सार्वजनिक रूप से एक व्यक्ति को फांसी की सजा देने के बाद अब कंधार के फुटबाल स्टेडियम में भीड़ के सामने चार लोगों के हाथ काट दिये गए।अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद तालिबान ने दुनिया से बदलाव की बात कही थी, किन्तु ऐसा हो नहीं रहा है। तालिबान ने शरिया कानून के तहत सार्वजनिक सजा देने की शुरुआत कर दी है। बीते दिनों एक आरोपित को सार्वजनिक रूप से फांसी पर लटका दिया गया था। अमेरिका के अफगानिस्तान से जाने के बाद से तालिबान की तरफ से दी गई यह पहली सार्वजनिक फांसी की सजा थी।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका विरोध होने के बाद भी तालिबान नहीं चेता है। अब कंधार प्रांत के



अहमद शाही फुटबाल स्टेडियम में चोरी और पुरुषों से कुकर्म के नौ आरोपितों को प्रांत के गवर्नर हाजी जैद की मौजूदगी में सार्वजनिक रूप से दंडित किया गया।

इनमें से चार आरोपितों के हाथ काट दिये गए। शेष पर 40 कोड़े बरसाए गए।तालिबान के इस कृत्य की अब आलोचना शुरू हो गई है। ब्रिटेन की शरणार्थी मंत्री और अफगानिस्तान मामलों की जानकार शबनम नसीमी ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि तालिबान शासन में लोगों को बिना निष्पक्ष सुनवाई के मारा-पीटा और मौत की सजा दी जा रही है। संयुक्त राष्ट्र ने भी तालिबान को सार्वजनिक रूप से सजा ना देने को कहा है। ऐसी सजा देने के पीछे तालिबान का तर्क है कि इससे लोगों के मन में गलत काम करने के प्रति डर आएगा और वह अपराध करने से डरेंगे।

## न्यूजीलैंड से ऑस्ट्रेलिया जा रहे सौ विमान यात्रियों की जान फंसी, अलर्ट के बाद सुरक्षित लैंडिंग

**सिडनी।** न्यूजीलैंड से ऑस्ट्रेलिया जा रहे सौ विमान यात्रियों की जान उस समय खतरे में आ गयी, जब उनका विमान टैजमन सागर के ऊपर से गुजर रहा था। विमान की ओर से जा रही अलर्ट के बाद विमान को सिडनी में सुरक्षित तो उतार लिया गया, किन्तु वहां एंबुलेंस की लाइन लगने के साथ हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक कंतास एयरलाइंस का बोइंग 737-800 विमान न्यूजीलैंड के ऑकलैंड हवाई अड्डे से ऑस्ट्रेलिया के सिडनी हवाई अड्डे के लिए रवाना हुआ था। विमान ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैण्ड के बीच दक्षिण प्रशांत महासागर स्थित टैजमन सागर के ऊपर से गुजर रहा था। अचानक विमान में कुछ खराबी आने पर चालक दल की ओर से अलर्ट जारी किया गया। विमान में सौ यात्री सवार थे। अचानक खराबी से विमान चालक दल को सभी सौ यात्रियों की जान सांसत में नजर आने लगी। अचानक खराबी की सूचना




मिलने पर सिडनी हवाई अड्डे पर अतिरिक्त तैयारियां की गयीं। हवाई पट्टी पर एंबुलेंस पहुंचने लगीं। साथ ही चिकित्सकीय दल को भी बुलाया गया था। खासी मशक्कत कर विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गयी। सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारकर विमान की जांच पड़ताल की गयी।

विमानन विभाग अलर्ट जारी करने के कारणों की पड़ताल कर रहा है। अलर्ट इस हद तक गंभीर था कि अलर्ट मिलते ही कई एंबुलेंस सिडनी एयरपोर्ट के पास इकट्ठा हो गई थीं। बताया गया कि विमान में इंजन से जुड़ी किसी समस्या की शिकायत की गई, जिस पर न्यू साउथ वेल्स प्रशासन ने अलर्ट जारी किया था।

## नाटो ने रूसी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए रोमानिया में तैनात किया निगरानी विमान

**बुखारेस्ट।** रूसी सैन्य गतिविधि पर नजर रखने के लिए संगठन नाटो का एक निगरानी विमान रोमानिया पहुंच गया। सैन्य गठबंधन के पूर्वी हिस्से को मजबूत करने में मदद करने के लिए नाटो ने यह कदम उठाया है। निगरानी के लिए पहला विमान बुखारेस्ट के पास एक हवाई अड्डे पर उतरा है। उम्मीद है कि दो और विमान बुधवार को उतर सकते हैं। यह आने वाले कई सप्ताह तक यहां तैनात रहेंगे। नाटो ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि वह एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम (एडब्ल्यूएसीएस) निगरानी विमानों को बुखारेस्ट में तैनात करेगा, जहां वे नाटो क्षेत्र में पूरी तरह से टोही उड़ानें शुरू करेंगे।

रोमानियाई रक्षा मंत्री एंजेल टिलवार ने फेसबुक पर कहा कि यूक्रेन के खिलाफ रूस के अवैध युद्ध के संदर्भ में, नाटो अवाक्स विमान की मदद से पूर्वी तट पर सैन्य गतिविधि की निगरानी करेगा। नाटो ने पूर्वी यूरोप और



बाल्टिक्स में अपनी हवाई उपस्थिति को बढ़ाया है। इससे पहले रूस ने पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर लड़ाकू जेट, निगरानी विमानों और टैंकरों का उपयोग करके हमला किया था। रोमानिया में तैनात विमान आमतौर पर जर्मनी में स्थित नाटो निगरानी विमानों 14 के बेड़े से संबंधित हैं। नाटो ने कहा कि वे सैकड़ों किलोमीटर दूर अन्य विमानों का पता लगा सकते हैं। नाटो के प्रवक्ता ओना लुंगेस्कु ने विमान की तैनाती पर 12 जनवरी के एक बयान में कहा था कि यूक्रेन में रूस के अवैध युद्ध से यूरोप में शांति और सुरक्षा को खतरा बना हुआ है, इसलिए मित्र देशों के हर इंच की रक्षा और बचाव के लिए नाटो के संकल्प के बारे में कोई संदेह नहीं होना चाहिए।

## दलाई लामा की श्रीलंका की प्रस्तावित यात्रा का चीन ने जताया विरोध

**कोलंबो।** तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा की श्रीलंका की प्रस्तावित यात्रा का चीन ने विरोध जताया है। चीन ने कहा कि आर्थिक परेशानी से जूझ रहे द्वीप राष्ट्र को द्विपक्षीय संबंधों की रक्षा करनी चाहिए। दूतावास के एक बयान में कहा गया है कि चीनी दूतावास के एक शीर्ष अधिकारी ने यात्रा का विरोध व्यक्त करने के लिए कैंडी शहर में शक्तिशाली बौद्ध धर्मगुरुओं से मुलाकात की।



हालांकि दलाई लामा की श्रीलंका यात्रा के लिए अभी तक कोई तारीख तय नहीं की गई है। बयान में प्रभारी राजदूत हू वेई ने कहा कि तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र सहित चीन की सरकार और लोग किसी भी दूसरे देश के किसी भी नाम पर दलाई लामा की मेजबानी करने का कड़ा विरोध करते हैं। दूतावास की विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्रीलंका को दलाई लामा के प्रस्तावित दौरे पर द्विपक्षीय संबंधों की रक्षा करनी चाहिए। दलाई लामा 1959 में तिब्बत से भाग जाने के बाद से भारत में रह रहे हैं। तिब्बत की निर्वासित सरकार भारत से संचालित होती है और देश में 1.60 लाख से अधिक तिब्बती रहते हैं।

# भगोड़े रक्षा दलाल संजय भंडारी को ब्रिटेन से भारत लाने का रास्ता साफ

**लंदन।** रक्षा सौदों के बिचौलिये और भगोड़े को ब्रिटेन से भारत लाने का रास्ता साफ हो गया है। ब्रिटिश गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने भगोड़े रक्षा दलाल संजय भंडारी के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है।रक्षा सौदों का बिचौलिया संजय भंडारी भारत में गोपनीयता उल्लंघन कानून में वांछित है। उस पर काला धन सफेद करने और कर चोरी के मामले भी हैं। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के कुछ रक्षा सौदों में करोड़ों की रिश्वत मामले में भी भंडारी की तलाश की जा रही है। इन सौदों के लिए उसके बैंक खातों में करोड़ों रुपये भेजे गए थे। भारतीय जांच एजेंसी सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से संजय भंडारी के खिलाफ भारत में मनी लांड्रिंग के आरोप भी तय किये गए थे। भारत में आरोप लगने के बाद वह ब्रिटेन भाग गया था। उसे भारतीय जांच एजेंसियों की पहल पर



भगोड़ा घोषित किया जा चुका है।

भारत सरकार ने ब्रिटेन से भंडारी के प्रत्यर्पण की अपील की थी। 16 जून, 2020 को तत्कालीन ब्रिटिश गृहमंत्री प्रीति पटेल ने भंडारी के प्रत्यर्पण आग्रह को स्वीकार कर लिया था। इसके बाद 15 जुलाई, 2020 को उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। उसे अदालत ने 1.20 लाख पाउंड की सुरक्षा राशि के साथ अपना पासपोर्ट जमा कराने, मध्य लंदन स्थित घर में नजरबंद रहने और नजदीकी पुलिस स्टेशन में रोजाना हाजिरी लगाने समेत सात शर्तों के साथ जमानत दी थी। इसके बाद से भंडारी को ब्रिटेन से भारत लाने की कोशिश में प्रवर्तन निदेशालय की टीम जुटी थी। भारत सरकार की ओर से ब्रिटेन की अदालत में मुकदमा भी लड़ा गया। अदालत में भारतीय प्रयासों के बाद ब्रिटेन के वेस्टमिंस्टर कोर्ट ने नवंबर माह में संजय भंडारी के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी थी। इसके बाद से ब्रिटिश गृह मंत्री की मंजूरी की प्रतीक्षा की जा रही थी। अब ब्रिटिश गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने भी संजय भंडारी को ब्रिटेन से भारत प्रत्यर्पित करने की अनुमति दे दी है। इससे भंडारी को भारत लाने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि, भंडारी के पास अभी ब्रिटिश गृहमंत्री के आदेश और अदालत के आदेश के खिलाफ अपील करने के लिए 14 दिन का समय है।

## आईआर कंपनी और कार्यबल के बीच सेतु है : शोभनदेव चटर्जी

**कोलकाता।** बुधवार को कोलकाता में सीआईआई के तत्वाधान में आयोजित आईआर कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पश्चिम बंगाल सरकार के कृषि मंत्री शोभनदेव चटर्जी ने कहा कि आईआर कंपनी और कार्यबल के बीच सेतु है। एक प्रभावी आईआर प्रबंधन और संघ दोनों से इनपुट लेकर विकास को आगे ले जाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि उद्योगों के बिना यूनियनों की अधिक आवश्यकता नहीं होगी। इसलिए, एक संगठन के औद्योगिक संबंधों में लगे कर्मियों को औद्योगिक विकास के लिए दोनों हितधारकों के विचारों को एकीकृत करने की दिशा में काम करना चाहिए जो देश के समग्र विकास में योगदान देगा। सीआईआई पूर्वी क्षेत्र एचआर आईआर उपसमिति के अध्यक्ष और सीईएससी लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक (एचआर एंड एडमिनिस्ट्रेशन) गौतम रे ने उद्घाटन सत्र में अपने स्वागत भाषण के दौरान कहा कि यह हम या वे नहीं हैं, यह एक व्यापक अर्थ में हम हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## इंडोनेशिया में कांपी धरती, रिक्टर स्केल पर तीव्रता 6



**बाली (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के सुलावेसी में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। यूरोपियन मेडिटेरेनियन सिस्मोलॉजिकल सेंटर ने बुधवार को कहा कि रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6 दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र जमीन से 145 किलोमीटर गहराई पर रहा।

इंडोनेशिया में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए थे। भूकंप से जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है।यूरोपियन मेडिटेरेनियन सिस्मोलॉजिकल सेंटर के मुताबिक सोमवार को भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.2 मापी गई थी। यह भूकंप सिंगकिल शहर से 40 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में आया था। भूकंप का केंद्र जमीन से 37 किलोमीटर की गहराई पर था। इंडोनेशिया में 17,000 से अधिक द्वीप हैं। यहां भूकंप आमतौर पर आते रहते हैं। वर्ष 2021 के नवंबर में 5.6 की तीव्रता वाले भूकंप से इंडोनेशिया में कम से कम 331 लोग मारे गए और पश्चिम जावा के सियानजुर शहर में लगभग 600 लोग घायल हो गए थे। सुलावेसी में 2018 में आए भूकंप और सूनामी के बाद का यह इंडोनेशिया में सबसे घातक भूकंप था। 2018 में भूकंप से लगभग 4,340 लोग मारे गए थे।

## भारतीयों के लिए वीजा प्रक्रिया को आसान करेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी वीजा सेवाओं के उप सहायक मंत्री जूली स्टफ्ट ने कहा है कि भारत में वीजा साक्षात्कार नियोजन में लगने वाले समय को कम करने के लिए अमेरिका हर संभव प्रयास कर रहा है।

स्टफ्ट ने कहा है कि इन प्रयासों में अधिकारियों को भारत भेजना और भारतीय वीजा आवेदकों के लिए जर्मनी एवं थाईलैंड में अपने दूतावास खोलना शामिल है।

इससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने पांच जनवरी को दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा था अमेरिका भारतीयों के लिए वीजा प्रक्रिया को बेहतर और आसान करने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने कहा था कि अमेरिका ने 2016 के बाद से किसी भी वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2022 में सबसे अधिक छात्र वीजा जारी किए। भारत में उसके दूतावास और वाणिज्य दूतावासों ने एक वित्त वर्ष में जारी किए गए छात्र वीजा की संख्या के अपने पहले के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। नेड प्राइस ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका, भारत और दुनिया भर में वीजा संबंधी साक्षात्कार के नियोजन में लगने वाले लंबे समय को कम करने के हर संभव प्रयास कर रहा है। अमेरिका उन लोगों की परेशानी समझता है जिन्हें लंबा इंतजार करना पड़ता है।

## नेपाल विमान दुर्घटना : 71 शव बरामद, आखिरी लापता यात्री की तलाश



**काठमांडू।** नेपाल में रविवार को हुई विमान दुर्घटना के आखिरी लापता यात्री की तलाश की जा रही है। विमान में सवार पांच भारतीयों सहित 72 लोगों में से 71 के शव बरामद हो चुके हैं।

नेपाल की राजधानी काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रविवार सुबह 10:33 बजे उड़ान भरने वाले यति एयरलाइंस का विमान पोखरा में सेती नदी के तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में चालक दल के चार सदस्यों सहित कुल 72 लोग सवार थे, जिनमें से पांच भारतीय थे। तीन दिन चले खोजी अभियान के बाद 71 लोगों के शव तलाशे जा चुके हैं। आखिरी लापता यात्री की तलाश के लिए बुधवार को अभियान शुरू किया गया। दुर्घटना की भयावहता को देखते हुए बचाव कर्मियों ने इस आखिरी यात्री के जीवित होने की उम्मीद लगभग छोड़ दी है। विमान में सवार भारतीय नागरिकों की पहचान 25 वर्षीय अभिषेक कुशवाहा, 22 वर्षीय विशाल शर्मा, 27 वर्षीय अनिल कुमार राजभर, 35 वर्षीय सोनू जायसवाल और संजय जायसवाल के रूप में हुई है।

## आईटीआर यू के तहत भर सकते हैं अपना आयकर रिटर्न : गौरव गुप्ता

**मुरादाबाद।** जोनल टैक्स बार एसोसिएशन मुरादाबाद के कार्यकारिणी सदस्य गौरव गुप्ता एडवोकेट ने बुधवार को बताया कि कर निर्धारण वर्ष 2022-2023 का आयकर रिटर्न फाइल करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निकल चुकी है। मुरादाबाद में अभी भी बहुत सारे करदाता 31 दिसंबर तक अपना कर निर्धारण वर्ष 2022-2023 का आयकर रिटर्न नहीं भर सके हैं। ऐसे करदाता आईटीआर यू के तहत अपना आयकर रिटर्न अभी भी भर सकते हैं।

गौरव गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि इसके अतिरिक्त करदाता कर निर्धारण वर्ष 2020-2021 तथा 2021-2022 का भी आयकर रिटर्न आईटीआर यू के माध्यम से दाखिल कर सकते हैं। आईटीआर यू के तहत करदाता को बड़ी सुविधा दी गई है। इस फॉर्म से कोई भी करदाता कर निर्धारण वर्ष खत्म होने के 2 साल के अंदर अपना आयकर रिटर्न अपडेट कर सकता है। यानी कि अगर आपके पुराने आईटीआर में कोई गलती है या फिर कोई वत्तीय जानकारी देना चाहते हैं, जो पहले छूट गई थी तो इसे भरकर आप सुधार सकते हैं। यदि कोई करदाता अपने पिछले तीन साल के आयकर रिटर्न में बदलाव करना चाहता है तथा वह अपनी आय बढ़ाकर दिखाना चाहता है तो वह अतिरिक्त टैक्स देकर ऐसा कर सकता है।

यदि कोई करदाता अपने पिछले रिटर्न्स में अपनी आय में कमी करना चाहता है तो ऐसा नहीं किया जा सकता। आईटीआर यू के तहत रिफंड का दावा नहीं किया जा सकता है। कर निर्धारण वर्ष 2020-2021 में पांच लाख से अधिक आय होने पर दस हजार लेट फीस लगेगी तथा कुल कर दायित्व का 50 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स देना होगा।